राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 45
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 14 जनवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट

पेज 3 यूपी रेरा ने 4,100 करोड़ के 12 प्रोजेक्ट किए मंजूर

पेज 4 संभल हिंसा में एएसपी अनुज चौधरी समेत 12 पर एफआईआर

पेज 6 एलिसा हीली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

## संक्षिप्त खबरें

### ओडिशा के शागरदघाट गांव में चिप्स पैकेट में धमाका, आठ साल के बच्चे की एक आंख की रोशनी गई

ओडिशा। ओडिशा के शागरदघाट गांव में चिप्स से 8 साल के बच्चे की एक आंख की रोशनी चली गई। बच्चा चिप्स का पैकेट लेकर रसोई में गया था, तभी वह पैकेट गैस चूल्हे के पास गिरा और तेज धमाके के साथ फट गया। विस्फोट इतना तेज था कि उसका असर सीधे बच्चे के चेहरे पर पड़ा और उसकी एक आंख पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। परिजन ने चिप्स कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि उत्पाद की गुणवत्ता, पैकेट की सामग्री की जांच की जाएगी। चिप्स का पैकेट आग से दूर रखें।

### पाकिस्तान बॉर्डर पर 8 आतंकी कैंप एक्टिव

**नई दिल्ली।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। भविष्य में किसी भी तरह के आतंकी या सैन्य दुस्साहस के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं। भारत पूरी ताकत से जवाब देगा। जनरल द्विवेदी ने बताया कि बॉर्डर के पास 8 आतंकी कैंप अभी भी सक्रिय हैं। अगर कोई हरकत होती है तो एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर, थलसेना, वायुसेना और नौसेना के तालमेल का बेहतरीन उदाहरण है। ऑपरेशन सिंदूर में 100 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। रविवार को बॉर्डर के पास ड्रोन देखे जाने के सवाल पर आर्मी चीफ बोले- वे बहुत छोटे ड्रोन हैं। ये लाइट जलाकर उड़ते हैं।



## हैप्पी मॉर्निंग

शाम को पति के घर आते ही पत्नी ने किच-किच शुरू कर दी...!
परेशान पति- अरे यार दिनभर का थका-हारा आया हूं,
पहले फ्रेश तो होने दो...!
पत्नी- मैं भी तो दिनभर अकेली थी,
तो मैं भी फ्रेश ही हो रही हूं...!



## शायरी

बदल लेंगे हम खुद तकदीर अपनी. ऐ ऊपर वाले बस तू हमें रजाई से निकलने की ताकत दे दे।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
83,627.69
-250.48 (0.30%)
निफ्टी:
25,732.30
-57.95

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 16 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 04 डिग्री से0 |
| सूर्योदय गुरुवार | : | 7 : 29 |
| सूर्यास्त बुधवार | : | 5 : 40 |

# हिंदू विधवा बहू को ससुर की संपत्ति से भरण पोषण का अधिकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू विधवा बहू के ससुर की संपत्ति से भरण पोषण पाने के अधिकार पर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि हिंदू विधवा बहू अपने ससुर की संपत्ति से भरण पोषण पाने की अधिकारी है चाहें वह ससुर के जीवित रहते विधवा हो गई हो या फिर ससुर की मृत्यु के बाद विधवा हुई हो।

शीर्ष अदालत ने हिंदू दत्तक एवं भरण पोषण कानून के प्रविधानों को स्पष्ट करते हुए यह फैसला दिया है। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दाखिल विभिन्न अपीलों को खारिज करते हुए कहा कि हाई कोर्ट का फैसला बिल्कुल सही है और उसमें दखल देने की जरूरत नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-कुत्ते के काटने पर भारी मुआवजा तय होगा

## जो आवारा कुत्तों को लेकर चिंतित, वे अपने घर ले जाएं; उन्हें ऐसे नहीं छोड़ सकते

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा, बच्चों या बुजुर्गों को कुत्तों के काटने, चोट लगने या मौत के हर मामले में हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा दिलवाएंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले 5 सालों में नियमों को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया।

कोर्ट ने कहा, आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते। ये कुत्ते सड़कों पर क्यों घूमते रहें, लोगों को काटें और डराएं। उन्हें हम ऐसे ही नहीं छोड़ सकते।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा, कुत्तों में एक खास तरह का वायरस होता है, जिसका कोई इलाज नहीं है। अब तक चार दिन की सुनवाई में इमोशन सिर्फ कुत्तों के लिए ही दिख रहा है। जब कुत्ते 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? क्या हम इस पर आंखें मूंद लें। इस मामले में अब अगली सुनवाई 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे से होगी।

जस्टिस मेहता ने कहा- अगर कोई आवारा कुत्ता किसी पर हमला कर दे तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? इस पर वकील ने कहा- स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए जिम्मेदारी तय की जा सकती है।

जस्टिस मेहता ने कहा- आवारा कुत्ता किसी के कब्जे में नहीं होना चाहिए। अगर आप पालतू जानवर रखना चाहते हैं, तो लाइसेंस लें।



# एसआईआर पर सुनवाई

## चुनाव आयोग बोला- ये सिर्फ नागरिकता वेरिफाई करने के लिए, इससे देश से बाहर नहीं निकाला जाता




नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। ईसी की ओर से सीनियर वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि एसआईआर के तहत आयोग सिर्फ यह तय करता है कि कोई व्यक्ति वोटर लिस्ट में रहने के योग्य है या नहीं। इससे सिर्फ नागरिकता वेरिफाई की जाती है।

उन्होंने साफ किया कि एसआईआर से किसी का डिपोर्टेशन (देश से बाहर निकालना) नहीं होता, क्योंकि देश से बाहर निकालने का अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास है। द्विवेदी ने संविधान सभा की बहसों और सरबानंद सोनोवाल केस का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया में नागरिकता की जांच जरूरी है।

उन्होंने बताया कि इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर केवल वोटर लिस्ट से जुड़ा फैसला कर सकते हैं। संदिग्ध गैर-नागरिकों को वोट देने देना चुनाव की निष्पक्षता को नुकसान पहुंचा सकता है, जिस पर सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने सवाल उठाए।

जस्टिस बागची की टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकता पहले से ही सख्त रही है और संविधान सभा में भी यही सोच थी कि नागरिकता आसानी से नहीं मिलनी चाहिए।

बिहार, केरल, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया पर विपक्ष ने सवाल उठाए थे और सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की थीं। इन याचिकाओं में चुनाव आयोग की शक्तियों, नागरिकता की पहचान और वोट देने के अधिकार से जुड़े सवाल उठाए गए थे।

उधर, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में एसआईआर से जुड़ी चुनाव आयोग की प्रक्रियाओं को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस के सांसदों की याचिकाओं पर भारत निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है।

# ईसरो का रॉकेट फेल, फिर भी स्पेनिश सैटेलाइट एक्टिव

**नई दिल्ली।** ईसरो का PSLV-C62 मिशन सोमवार को फेल हो गया। उड़ान भरने के 8 मिनट बाद PSLV रॉकेट तय रास्ते से भटक गया। इसी रॉकेट से एक सैटेलाइट भेजने वाली स्पेन की कंपनी ने मंगलवार को कहा है कि उसे इसका सिग्नल मिला है। स्पेन की स्टार्टअप कंपनी ऑर्बिटल पैराडाइम ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि तकनीकी गड़बड़ी से पहले ही उनका KID (केस्ट्रेल इनिशियल डेमोंस्ट्रेटर) सैटेलाइट रॉकेट से अलग हो चुका था। इसी वजह से उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचा। ऑर्बिटल पैराडाइम ने यह भी बताया कि अब यह पता लगाया जा रहा है कि सैटेलाइट किस रास्ते से अंतरिक्ष में पहुंचा।

# जम्मू-कश्मीर में एलजी ने 5 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के 5 सरकारी कर्मचारियों को आतंकी संगठनों के लिए काम करने के आरोप में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है।

एलजी मनोज सिन्हा ने मंगलवार को ये कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार ये सभी लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन के लिए काम कर रहे थे। 2021 से अभी तक सरकार ने 85 कर्मचारियों पर इस तरह की कार्रवाई की है।

निकाले गए कर्मचारियों में एक शिक्षक, एक लैब टेक्नीशियन, एक ड्राइवर, असिस्टेंट लाइनमैन और वन विभाग का एक फील्ड वर्कर शामिल है।

पांचों को संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (सी) के तहत नौकरी से निकाला गया।

# राहुल गांधी तमिलनाडु में बोले-लोगों की आवाज दबाई जा रही

## इससे लोकतंत्र को खतरा; एक्टर विजय की फिल्म पर रोक की आलोचना की



नीलगिरी। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर लगातार हमला हो रहा है और लोगों की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थानों को निशाना बनाया जा रहा है।

तमिलनाडु के नीलगिरी में एक स्कूल कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे राहुल गांधी ने छात्रों से बातचीत के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि जो लोग मौजूदा विचारधारा से सहमत नहीं हैं, उन्हें धमकाया जा रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र का मतलब है कि हर नागरिक की आवाज सुनी जाए। अगर लोगों की आवाज दबाई जाएगी, तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा।

इससे पहले राहुल ने एक्स पर पोस्ट कर सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अभिनेता विजय (थलापति) की फिल्म 'जना नायकन' की रिलीज पर रोक लगाने की आलोचना की।

# आतंकी लिंक के बाद अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर सख्ती

**फरीदाबाद।** दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी मॉड्यूल से जुड़ी अल-फलाह यूनिवर्सिटी के एडमिशन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब किसी भी स्टूडेंट और स्टाफ को यहां जॉइन करने से पहले पुलिस वेरिफिकेशन प्रक्रिया से गुजरना होगा। इसे लेकर पुलिस की तरफ से 3 टीमों का गठन किया गया है। जो यहां भर्ती होने वाले स्टाफ और एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट पर नजर रख रही हैं। इसी यूनिवर्सिटी से जुड़े डॉ. उमर नबी ने 10 नवंबर को सुसाइड बॉम्बर बनकर दिल्ली के लाल किले के बाहर ब्लास्ट को अंजाम दिया था।

# एमपी : महिला का दो बच्चों समेत अपहरण

एजेंसी

**शिवपुरी।** शिवपुरी में एक महिला और उसके दो बच्चों को अगवा कर लिया गया। वारदात को महिला के पति ने अपने साथियों के साथ अंजाम दिया है।

उसने खुद फोन कर महिला के परिवारवालों को ये जानकारी दी है। जिसके बाद परिजन पुलिस के पास पहुंचे। फिलहाल, तीनों में से किसी का पता नहीं चल सका है। मामला नरवर कस्बे में मंगलवार शाम करीब 5 बजे का है। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

फुटेज में पार्वती जाटव (38) अपने दो बच्चों के साथ सड़क से गुजरती दिख रही है। इसी बीच एक कार उनसे थोड़ी दूर आकर रुकती है। इसमें से पार्वती का पति जगन्नाथ, उसके देवर पदम समेत तीन लोग उतरकर महिला और बच्चों की तरफ बढ़ते हैं। उनसे डरकर पार्वती पीछे की तरफ जबकि बच्चे आगे की तरफ भागते हैं।

जगन्नाथ दौड़कर पार्वती को जबकि पदम बच्चों को पकड़ लेता है। फिर तीनों मिलकर महिला और बच्चों को कार में धकेल देते हैं। इसके बाद ड्राइविंग सीट पर बैठा चौथा शख्स कार आगे बढ़ा देता है।

# डीआरआई ने 81 करोड़ की एमडी ड्रग्स पकड़ी, 6 गिरफ्तार



▸ ट्रक में मुर्गी के फीड के कट्टों के बीच 270 किलो जब्त, दो महीने से पीछे लगी थी टीम

**जयपुर।** राजस्व खुफिया निदेशालय ने स्थानीय पुलिस की मदद से डीडवाना-कुचामन स्टेट हाईवे पर नाकाबंदी कर 81 करोड़ की एमडी ड्रग्स पकड़ी। एक ट्रक में मुर्गी के फीड के कट्टों के बीच 270 किलोग्राम एमडी ड्रग्स भरकर तस्करी के लिए ले जाई जा रही थी। सिक्योरिटी एजेंसियों के साथ मिलकर कार्रवाई के दौरान पकड़े गए संदिग्धों से डीआरआई पूछताछ कर रही है। डीआरआई ने रविवार देर रात यह कार्रवाई डीडवाना-कुचामन इलाके के एक टोल नाके के पास की।

दिल्ली की डीआरआई टीम करीब 2 महीने से कार्रवाई के लिए लगी हुई थी। टीम ने गाड़ी में सवार तस्करों सहित 6 आरोपियों को डिटेन किया है। ये आरोपी कुलदीप, अंकित, सज्जन कुमार, मनदीप, बलविंद्र, अजीत सिंह हरियाणा के रहने वाले हैं। इन सभी आरोपियों को मंगलवार को सीकर के डीजे कोर्ट में पेश किया गया।

# जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास दिखे संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन

## सेना ने फायरिंग की तो पीओके की ओर भागे, 3 दिन में दूसरा मामला

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में मंगलवार शाम एलओसी के पास दो बार संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए।

भारतीय सेना ने फायरिंग कर दी। सेना के सूत्रों के मुताबिक, यह ड्रोन नियमित निगरानी के दौरान मंडराते हुए नजर आए। फायरिंग के बाद ड्रोन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की ओर लौट गए।

न्यूज एजेंसी ने रक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि शाम करीब 7 बजे ड्रोन राजौरी के चिंगुस इलाके के डुंगा गाला क्षेत्र में भारतीय सीमा में घुसे। सेना ने एंटी ड्रोन सिस्टम एक्टिव किया तो



गायब हो गए। फिर शाम करीब 7.35 बजे दो ड्रोन जैसे ऑब्जेक्ट धरि धरा गांव में स्पॉट किए गए। जवानों ने कई राउंड फायर किए, जिसके बाद ये ड्रोन एलओसी की ओर लौट गए।

बीते तीन दिनों में जम्मू-कश्मीर में ड्रोन दिखने की यह दूसरी घटना है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं को देखते हुए एलओसी पर निगरानी और चौकसी और बढ़ा दी गई है।

सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए घुसपैठ या हथियार-नशीले पदार्थ गिराने की कोशिश की जा सकती है।

इससे पहले रविवार देर शाम भी जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए थे। नौशेरा सेक्टर, धरमसाल सेक्टर, रियासी, सांबा और पुंछ के मंकोट सेक्टर में एक साथ कुल पांच ड्रोन स्पॉट किए गए थे। हालांकि इन घटनाओं में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

# दिल्ली में तापमान 3 , यूपी में 2.1 दर्ज

▸ बिजनौर में कोहरे में बस पलटी, 38 घायल; राजस्थान के 10 शहरों में तापमान 5 से नीचे

**लखनऊ/भोपाल/जयपुर/देहरादून।** पहाड़ों में बर्फबारी के कारण यूपी में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। यहां सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। मंगलवार को मुजफ्फरनगर 2.1 तापमान के साथ सबसे ठंडा रहा। बरेली, बिजनौर समेत 23 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के चलते 48 ट्रेनें लेट हुईं और कई जगह ट्रेन की रफ्तार घटाई गई। बिजनौर में बस पलटने से 38 यात्री घायल हुए। लखनऊ और वाराणसी एयरपोर्ट पर कई फ्लाइट्स भी देर से चल रही हैं।

राजस्थान में 10 शहरों में तेज सर्दी का यलो अलर्ट जारी किया है। अलवर में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री के करीब रहा।

उदयपुर, चित्तौड़गढ़ में सुबह कोहरा भी रहा। राज्य के 10 से ज्यादा शहरों का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ।

हरियाणा के गुरुग्राम का तापमान सोमवार को 0.6 रहा। 60 साल पहले 5 दिसंबर 1966 में मिनिमम टेंपरेचर 0.4एष्ट रहा था। चंडीगढ़ में ठंड और कोहरे के कारण प्रशासन ने सभी स्कूलों की सर्दियों की छुट्टियां 17 जनवरी तक बढ़ा दी हैं।

उत्तराखंड के 4 जिलों में नदी का पानी जम गया है। नदी के ऊपर पाले और बर्फ की मोटी चादर दिख रही है। पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग के ऊंचाई वाले इलाकों में झरने जम गए हैं। इन इलाकों में पानी की पाइपलाइन जम चुकी है।

क्विक कॉमर्स

## हड़ताल और सरकार के दखल के बाद फैसला; जेप्टो, स्विगी भी टाइम लिमिट हटाएंगे

# ब्लिंकिट ने हटाया '10 मिनट में डिलीवरी' का दावा

एजेंसी

नई दिल्ली। ब्लिंकिट जैसी क्विक कॉमर्स कंपनियों ने अब '10 मिनट में डिलीवरी' का दावा हटा दिया है। यह बदलाव डिलीवरी बॉयज की हड़ताल और सरकार की दखल के बाद आया है। सरकार के साथ हुई बैठक में ब्लिंकिट के अलावा स्विगी और जेप्टो ने भी भरोसा दिया है कि वे अब ग्राहकों से समय सीमा का वादा करने वाले विज्ञापन नहीं करेंगे।

केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल ही में इन कंपनियों के टॉप अधिकारियों के साथ अहम बैठक की।

### इसमें तीन महत्वपूर्ण फैसले लिए गए-

श्रम मंत्री ने बैठक में स्पष्ट किया कि कंपनियों का बिजनेस मॉडल वर्कर्स की जान जोखिम में डालकर नहीं चलना चाहिए।

10 मिनट जैसी समय सीमा न केवल राइडर्स के लिए खतरनाक है, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी जोखिम पैदा करती है।

सरकार अब गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा और बेहतर कार्य स्थितियों पर एक व्यापक पॉलिसी बनाने की तैयारी में है।




### मार्केटिंग स्ट्रैटजी में कंपनियां बदलाव करेंगी

ये कंपनियां अब अपनी मार्केटिंग स्ट्रैटजी में बदलाव करेंगी। अब तक 10 मिनट इन कंपनियों का सबसे बड़ा यूएसपी हुआ करता था। हालांकि कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि वे अपनी ऑपरेशनल एफिशिएंसी (कार्यक्षमता) को कम नहीं करेंगी, लेकिन विज्ञापनों के जरिए ग्राहकों में ऐसी उम्मीद नहीं जगाएंगी जिससे राइडर्स पर दबाव बने।


### क्विक कॉमर्स मॉडल पर उठ रहे थे सवाल

पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और कई मंचों पर 10-15 मिनट की डिलीवरी सर्विस की आलोचना हो रही थी। विशेषज्ञों का मानना था कि इतने कम समय में डिलीवरी का दबाव राइडर्स को तेज गाड़ी चलाने और रेड लाइट जंप करने के लिए मजबूर करता है। सड़क सुरक्षा से जुड़े संगठनों ने भी सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की थी।

### राघव चड्ढा ने सरकार का शुक्रिया अदा किया

पंजाब से राज्यसभा सांसद और आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा, सत्यमेव जयते। साथ मिलकर, हम जीत गए। क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स से 10-मिनट डिलीवरी वाली ब्रांडिंग हटाने के लिए मैं केंद्र सरकार का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। सरकार ने बिल्कुल सही समय पर एक बड़ा और संवेदनशीलता भरा फैसला लिया है।

# संपादकीय



## नफरती हिंसा की आग में जल रहा पड़ोसी देश



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

पड़ोसी देश की सड़कें अब सिर्फ़ कंक्रीट और डामर की नहीं रहीं; वे खून से रंगी हुई हैं। मस्जिदों के मीनारों से लेकर मंदिरों के घंटाघर तक, हर जगह नफरत की आग ने अपना घर बना लिया है। एक समय था जब इस देश की पहचान विविधता और सह-अस्तित्व की थी, लेकिन आज वह विविधता ही सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है। नफरती हिंसा अब कोई छिटपुट घटना नहीं रही—यह एक सुनियोजित, राज्य-प्रायोजित और सामाजिक रूप से स्वीकृत महामारी बन गई है।

पिछले कुछ वर्षों में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं में भयावह वृद्धि हुई है। मॉब लिंचिंग अब सिर्फ़ अफवाहों का नतीजा नहीं रह गया, बल्कि यह एक राजनीतिक हथियार बन चुका है। एक छोटी-सी अफवाह, एक फर्जी वीडियो, या सोशल मीडिया पर फैलाया गया एक झूठा मैसेज—और कुछ ही घंटों में सैकड़ों की भीड़ इंसानियत को कुचलने के लिए तैयार हो जाती है। पुलिस कई बार निष्क्रिय रहती है, कई बार पक्षपातपूर्ण व्यवहार करती है, और कई बार तो खुद भीड़ का हिस्सा बन जाती है।

धार्मिक स्थलों पर हमले अब रोज़मर्रा की खबर बन गए हैं। कभी किसी मस्जिद में तोड़फोड़, कभी गुरुद्वारे पर पथराव, कभी चर्च में आगजनी। ये हमले सिर्फ़ ईंट-पत्थरों तक सीमित नहीं रहते, वे उस विश्वास को भी तोड़ देते हैं जो सदियों से वहाँ बसा हुआ था। स्कूलों में पाठ्यपुस्तकों से इतिहास के कुछ अध्याय हटाए जा रहे हैं, जिनमें अल्पसंख्यकों की भूमिका का ज़िक्र था। टीवी चैनलों पर घंटों बहस होती है कि कौन अधिक देशभक्त है, कौन का खून %शुद्ध% है। इस सबके बीच एक संदेश साफ़ है—तुम या तो हमारे जैसे बन जाओ, या फिर यहाँ रहने का हक़ खो दो।

आर्थिक बहिष्कार ने हिंसा को और भयावह बना दिया है। दुकानें जलाई जा रही हैं, व्यापार बंद करवाए जा रहे हैं, नौकरियों से निकाला जा रहा है—केवल इसलिए कि किसी का नाम, उसका धर्म या उसकी पहचान %गलत% मानी जा रही है। एक तरफ़ सरकार बड़े-बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की बात करती है, दूसरी तरफ़ लाखों लोग रोज़ी-रोटी से महरूम हो रहे हैं। गरीबी और बेरोज़गारी की आग में घी का काम नफरत कर रही है।

सबसे दुखद पहलू यह है कि नई पीढ़ी भी इसी जहर में पल रही है। स्कूलों में बच्चे एक-दूसरे को %काफिर%, %देशद्रोही%, %घुसपैठिया% कहकर बुलाने लगे हैं। सोशल मीडिया पर 15-16 साल के किशोर बिना किसी झिझक के नफरत भरे कमेंट्स लिख रहे हैं, वीडियो बना रहे हैं। वे नहीं जानते कि यह आग एक दिन उन्हें भी जला सकती है।

इस देश की सेना, उसकी अर्थव्यवस्था, उसकी संस्कृति—सब कुछ दुनिया के सामने गर्व से पेश किया जाता है, लेकिन घर के अंदर जो हो रहा है, उस पर पर्दा डाला जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स में इस देश का नाम अब %धार्मिक स्वतंत्रता के लिए खतरे में देशों की सूची में शामिल हो चुका है। फिर भी आंतरिक रूप से इसे राष्ट्र-विरोधी प्रचार कहकर खारिज कर दिया जाता है।

नफरत की यह आग अब किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं रही। आज जो अल्पसंख्यक हैं, कल वे बहुसंख्यक भी हो सकते हैं। कल जो बहुसंख्यक हैं, वे भी किसी नए दूसरे के रूप में निशाना बन सकते हैं। नफरत कभी संतुष्ट नहीं होती, वह बस और अधिक भूखी होती जाती है।

अब सवाल यह नहीं कि यह आग कब बुझेगी। सवाल यह है कि क्या हमारे पास इतनी हिम्मत बची है कि हम इस आग को बुझाने की कोशिश करें? क्या हमारे पास वह साहस है कि हम अपने पड़ोसी से कहें—तुम अलग हो, पर फिर भी मेरे भाई हो? या फिर हम चुपचाप खड़े देखते रहेंगे जब तक यह आग सब कुछ भस्म नहीं कर देती?

जब तक हम हम और वे के बीच की दीवार को नहीं तोड़ेंगे, तब तक यह आग बुझने वाली नहीं। और अगर यह आग नहीं बुझी, तो एक दिन ऐसा आएगा जब इस देश में सिर्फ़ राख बचेगी—और उस राख पर भी किसी का नाम नहीं होगा।

## हरियाणा का भूजल-संकट

निस्संदेह, हरियाणा ने कृषि की उन्नति में नये मानक स्थापित किए हैं। देश की खाद्य सुरक्षा में इस राज्य के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कृषि क्षेत्र में कारगर रणनीतियों व आधुनिक तकनीकों ने हरियाणा के किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव किया है। लेकिन इससे इतर एक चिंताजनक स्थिति यह है कि राज्य में भूजल संकट एक खतरनाक स्तर को पार कर रहा है। बताया जा रहा है कि राज्य के तीस फीसदी से अधिक गांव भूजल संकट के खतरे की जद में हैं। विडंबना यह है कि इन क्षेत्रों में भूजल का दोहन पुनर्भरण से कहीं अधिक है। जो राज्य में चेतावनी के संकेत स्पष्ट कर रहे हैं। दरअसल, ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में व्यापक बदलाव आया है। जिस अनियमित बारिश को कभी मौसमी समस्या माना जाता था, वह अब एक संरचनात्मक संकट में बदल गयी है। निश्चित रूप से मानसून व बारिश की आवृत्ति में अनिश्चितता के चलते कृषि, पेयजल सुरक्षा व दार्घकालिक आर्थिक स्थिरता के लिये खतरा पैदा हो गया। बारिश की कमी की पूर्ति भूजल के अंधाधुंध दोहन से की जाती है। वैसे इस संकट के मूल में समस्या की वजह पानी की अत्यधिक खपत करने वाला विकास मॉडल भी है। पिछले दशकों में धान व गेहूं की उत्पादकता पर किसानों की निर्भरता अत्यधिक बढ़ी है। जिसमें बहुत सिंचाई की जरूरत होती है। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक समीकरणों के चलते किसानों को लुभाने के लिये मुफ्त या रियायती बिजली का चलन भी बढ़ा है। जिससे भूजल के अंधाधुंध दोहन को बढ़ावा ही मिला है। विडंबना यह है जैसे-जैसे भूजल का स्तर गिरता है, ट्यूबवेल हर साल और गहरे खोदे जाते रहे हैं। कोशिश होती रही है कि इससे जल संकट बढ़ने से पानी की कमी पर पर्दा पड़ा रहे। यही वजह है कि इसका नकारात्मक असर आज मध्य और दक्षिण हरियाणा के बड़े क्षेत्र में दिखायी दे रहा है। जहां जलस्तर खतरनाक स्तर तक गिरता नजर आ रहा है।

वहीं दूसरी ओर हरियाणा में तेजी से बढ़ रहे शहरीकरण ने जल संकट को और गहरा कर दिया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बहुत तेजी से हुए शहरीकरण ने भूजल का दोहन उसकी स्थायी सीमा से बहुत अधिक हद तक बढ़ाया है। इस बेलगाम भूजल दोहन पर नियामक संस्थाओं की निगरानी ना के बराबर है। वहीं एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि तेजी से बढ़ते कंक्रीटीकरण और आर्द्र भूमि के क्षरण से भूजल का प्राकृतिक पुनर्भरण बाधित हुआ है। दूसरी ओर जलवायु परिवर्तनशीलता, अनियमित मानसून और घटते वर्षा दिवसों ने भूजल पुनर्भरण को और अधिक कम कर दिया है। जिसके चलते जलभंडारों के पुनर्जीवित होने की संभावनाएं लगभग क्षीण हो गई हैं। भूजल स्तर में गिरावट का खमियाजा किसानों को भी उठाना पड़ रहा है। खेतों के लिये सिंचाई जल उपलब्ध कराने की लागत में भी लगातार वृद्धि हो रही है। दरअसल गहरे बोरवेल के लिये अधिक बिजली और अधिक निवेश की आवश्यकता होती है। यही वजह है कि ग्रामीण पेयजल योजनाएं स्थिति से निपटने के लिये संघर्ष कर रही हैं। दूसरी ओर कम गुणवत्ता वाले जलभंडारों तक जल-दोहन की स्थिति पहुंचने से प्रदूषण का खतरा बढ़ा है। निस्संदेह, इस संकट को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यदि इस सकंट की अनदेखी करके स्थिति को अनियंत्रित छोड़ दिया जाएगा तो इसके व्यापक नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। इससे जहां एक ओर आजीविका का संकट बढ़ेगा, वहीं फसलों को लेकर अस्थिरता होगी और कालांतर जल को लेकर सामाजिक संघर्ष उत्पन्न हो सकता है। हालांकि, इस संकट के समाधान को लेकर नीतिगत उपाय मौजूद हैं, लेकिन उन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत है। फसल विविधीकरण योजनाएं और पुनर्भरण परियोजनाएं सही दिशा में उठाये गए कदम हैं, लेकिन उनका पैमाना और कार्यान्वयन चुनौती के अनुरूप नहीं है।

# चीन से क्या हम भाषायी बोध सीख सकते हैं

उमेश चतुर्वेदी



भाषायी चिंतन और व्यवहार को लेकर भारत और चीन को लेकर तकरीबन एक ही सोच है। भारत में एक मानस ऐसा है, जिसे हिंदी की कीमत पर भी पर अंग्रेजी स्वीकार्य है। यह धारा मानती है कि वेगवान आर्थिक विकास की वजह से चीन का भाषायी व्यवहार भी इसी भारतीय मानस की तरह बदल चुका है।

हिंदी के संदर्भ में देखें तो राजभाषा और राष्ट्रभाषा के बीच शाब्दिक ही नहीं, भावात्मक फर्क भी है। फिर भी एक बड़ा वर्ग हिंदी को राष्ट्रभाषा भी मानता है। यही वजह है कि हर साल ग्रेगोरियन कैलेंडर के नौंवे महीने की दस्तक के साथ ही, हर सरकारी दफ्तर राजभाषा पखवाड़े या महीने को लेकर उत्साह से भर उठता है। कुछ ऐसा ही पड़ोसी चीन में भी अब होता नजर आ रहा है। अब वहां सितंबर का तीसरा सप्ताह 'राष्ट्रीय सामान्य भाषा और लिपि' को समर्पित होगा। भारत और चीन के सितंबर महीने के भाषायी उत्साह में एक अंतर रहेगा, राष्ट्रभाषा बनाने की आस में हिंदी के राजभाषा ओहदे को याद किया जाएगा, जबकि चीन अपनी मंदारिन भाषा को बाकायदा राष्ट्रभाषा के तौर पर और आगे बढ़ाने की ओर अग्रसर होगा।

भाषायी चिंतन और व्यवहार को लेकर भारत और चीन को लेकर तकरीबन एक ही सोच है। भारत में एक मानस ऐसा है, जिसे हिंदी की कीमत पर भी पर अंग्रेजी स्वीकार्य है। यह धारा मानती है कि वेगवान आर्थिक विकास की वजह से चीन का भाषायी व्यवहार भी इसी भारतीय मानस की तरह बदल चुका है। बेशक चीन ने अंग्रेजी सीखने-सिखाने की दिशा में भरपूर निवेश किया है। अपनी आर्थिक ताकत के चलते पश्चिम के नामी विश्वविद्यालयों में चीनी सत्ता प्रतिष्ठान अपने लिए अध्ययन पीठ स्थापित कर चुका है। गौर करने की बात है कि उसने यह सब अलग और अतिरिक्त अनुशासन और ज्ञान के साधन के तौर पर किया है, भारत की तरह अपनी भाषा, विशेषकर हिंदी की कीमत पर ऐसा नहीं किया है।

अंग्रेजी का पहला वैश्विक विस्तार ब्रिटिश उपनिवेशीकरण के दौर में हुआ और दूसरी बार उसका प्रसार रीगन-थैचर की जोड़ी के आर्थिक उदारीकरण के बढ़ते कदमों के साथ हुआ। इस संदर्भ में चीन और भारत के भाषायी चिंतन और व्यवहार फर्क साफ नजर आता है। पिछली सदी के अस्सी के दशक में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख देंग झिआओपिंग ने आर्थिक खुलेपन की नींव रखी। यह 1978 का साल था। इसके ठीक दो साल बाद भारत में इंदिरा गांधी की सत्ता में वापसी हुई और उन्होंने भी धीरे-धीरे इंस्पेक्टर राज कम करने की शुरूआत की। उनकी उदारीकरण की सोच को राजीव गांधी ने परवान चढ़ाया। 1991 के आम चुनावों के घोषणा पत्र में कांग्रेस ने पहली बार समाजवादी आर्थिक नीतियों के बरक्स उदारीकरण का वादा किया। तब से अब तक की दोनों देशों की आर्थिक विकास यात्रा को देखें तो अंतर साफ नजर आता है। चीन आज अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति है। उसकी तेज आर्थिक यात्रा के समानांतर अंग्रेजी का विस्तार नहीं दिखता। जबकि भारत में इसके ठीक उलट नजारा दिखता है।

उदारीकरण के बरक्स दोनों देशों के भाषायी चिंतन में भी फर्क नजर आता है। यह फर्क ही है कि चीन अब अपनी मंदारिन भाषा और उसकी लिपि को लेकर सितंबर महीने के तीसरे हफ्ते को समर्पित कर रहा है। चीन की सर्वोच्च विधि निर्माता संस्था 'राष्ट्रीय जन प्रतिनिधि सभा' की स्थाई समिति द्वारा बीते 27 दिसंबर को इससे जुड़ा कानून पारित करना इसी सोच का प्रतीक है। इस कानून में हर वर्ष सितंबर के तीसरे सप्ताह को 'राष्ट्रीय सामान्य भाषा और लिपि संवर्धन एवं प्रचार सप्ताह' के रूप में मनाना तय किया गया है।

यह कानून पुराने राष्ट्रीय भाषा कानून में संशोधन के बाद आया है। चीन में दो तरह की मंदारिन का प्रयोग होता है, एक लिखित और दूसरी मौखिक। इस कानून में दोनों तरह की भाषाओं का ध्यान रखा गया है।

चीन अपनी भाषा और लिपि को अपने राष्ट्र का प्रतीक मानता है। चीन में इन दिनों प्रौद्योगिकी और डिजिटल जगत में लगातार प्रगति हो रही है। यहां ऑडियो-विजुअल प्रोग्रामिंग और गेमिंग भी बढ़ी है। चीन का भाषायी कानून इन सबमें इस्तेमाल होने वाली भाषा के साथ कदमताल करने का प्रयास है। कहा जा सकता है कि चीनी राष्ट्रभाषा और लिपि कानून में यह संशोधन तेजी से विकसित हो रही संचार प्रौद्योगिकियों और ऑनलाइन सामग्री के विस्तार के बीच भाषा के मानकीकरण को मजबूत करने की कोशिश है। इस कानून में साइबरस्पेस प्रशासन को लेकर भी व्यवस्था की गई है। इसके तहत अब ऑनलाइन सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वेब सीरीज, ऑनलाइन फिल्मों, ऑनलाइन गेम और अन्य डिजिटल प्रकाशनों में मानक चीनी भाषा यानी मंदारिन और मानकीकृत चीनी अक्षरों को मूल भाषा के रूप में उपयोग करना जरूरी होगा। इसके साथ ही चीन में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों, कॉन्फ्रेंस, इवेंट्स आदि के साइनबोर्ड, लेबल या प्रमोशनल मैटीरियल में विदेशी भाषाओं के साथ ही मानक चीनी भाषा भी शामिल करने पर जोर दिया गया है। इसकी तुलना में भारतीय राष्ट्रभाषा और आधुनिक प्रौद्योगिकी संग उसके तालमेल पर नजर डालें साफ फर्क नजर आता है। भारत अब भी राष्ट्रभाषा से दूर है।

हिंदी को राष्ट्रभाषा मानने वाली ताकतों के सुर भी अब धीमे पड़ते जा रहे हैं। लेकिन चीन अपने आर्थिक उदारीकरण के बावजूद अपनी भाषा की ओर लौटता नजर आ रहा है।

इसके साथ ही चीन के भाषायी आंकड़ों पर भी नजर डालना जरूरी है। यहां की करीब 80 प्रतिशत से ज़्यादा आबादी मंदारिन बोल सकती है। चीन में करीब 97.33 प्रतिशत लोग साक्षर हैं। इनमें करीब 95 प्रतिशत से ज़्यादा लोग मानक चीनी अक्षरों का प्रयोग करते हैं। चाइना इंटरनेट नेटवर्क इन्फॉर्मेशन सेंटर की ताजा रिपोर्ट के अनुसार बीते जून तक चीन में एक अरब 12 करोड़ से ज़्यादा इंटरनेट यूज़र थे। इसी रिपोर्ट के अनुसार, चीन में इंटरनेट इस्तेमाल की दर 79.7 प्रतिशत तक पहुँच गई है। भाषायी कानून में इन आंकड़ों के मद्देनजर सरकारी और पब्लिक सर्विस वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन के लिए भी सरकारी नियमों और मानकों के अनुसार, राष्ट्रीय मानक भाषा का इस्तेमाल जरूरी हो गया है। इस कानून का लक्ष्य चीनी राष्ट्र के प्रति मजबूत सामुदायिक भावना का विकास और सांस्कृतिक आत्मविश्वास की मज़बूती है।


कानून इस बात पर भी ज़ोर देता है कि बोली और लिखी जाने वाली मानक चीनी भाषा के इस्तेमाल का मकसद राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता और जातीय एकजुटता बनाना होना चाहिए। यह कानून शिक्षा में भी मानक चीनी भाषा की भूमिका पर ज़ोर देता है। कानून के अनुसार, शिक्षण और पाठ्य सामग्री में मानक मंदारिन ही बुनियादी भाषा होगी। यह भारत की नई शिक्षा नीति जैसा ही है, जिसमें प्राथमिक स्तर पर भारतीय भाषाओं के जरिए शिक्षण पर जोर दिया गया है। इस कानून के तहत संस्कृति, पर्यटन और ट्रांसपोर्ट जैसे सेक्टर में सर्विस देने वाले कर्मचारियों के लिए मानक मंदारिन जानना जरूरी होगा। इस कानून में मानक चीनी सीखने या प्रयोग में बाधा डालने पर सजा का प्रावधान भी है। हालांकि पहले उन्हें इसके लिए आगाह किया जाएगा। यहां ध्यान देने की जरूरत है कि भारत में भाषा को नकारने को लेकर कोई सजा का प्रावधान नहीं है।

वैसे इस कानून के दुरूपयोग की चिंता भी जताई जा रही है। चीनी संविधान और जातीय स्वायत्तता व्यवस्था के तहत, स्वायत्त क्षेत्रों मसलन, तिब्बत, शिनजियांग, इनर मंगोलिया, गुआंगशी, निंग्शिया आदि को क्षेत्रीय स्वायत्तता कानूनों के अनुसार, सरकारी कार्यों, शिक्षा और रोज़मर्रा की ज़िंदगी में राष्ट्रीय भाषा के साथ-साथ एक या अधिक स्थानीय भाषाओं के इस्तेमाल का प्रावधान है। लेकिन शी चिनफिंग के शासन में ये प्रावधान कमज़ोर होते गए हैं। इसका असर तिब्बत में दिखता है, जहां कई सालों से चल रहे मातृभाषा आंदोलन और सांस्कृतिक शिक्षा का दमन किया गया। इसकी वजह से वहां निजी स्कूल बंद कर दिए गए और उनके संस्थापक गिरफ्तार कर लिए गए। तिब्बतियों को आशंका है कि इस कानून के तहत उनके खिलाफ दमन का एक और चक्र शुरू हो सकता है।

साल 1994 में फ्रांस ने अपने यहां अंग्रेजी के बिलावजह प्रयोग को कानून के जरिए रोक लगाई थी। अब चीन का अपनी मानक भाषा को स्थापित करने का कानून आया है। यह सब देखते हुए भी भारत की मौजूदा राजनीतिक हालात के मद्देनजर ऐसे कानून का सुझाव देना भी संभव नहीं लगता। लेकिन चीन के इस भाषायी बोध के बहान अपेक्षा तो की ही जा सकती है कि एक दिन भारत में भी ऐसी सोच जरूर विकसित होगी।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3770




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं को जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3769 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक हीरो का जब बुरा समय आया तो एक होटल में बैरागिरी करने लगा. एक दिन उसका दोस्त उस होटल में खाना खाने पहुंचा. जब उसने हीरो को वहां वेटर के रूप में देखा तो उसने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा-'अरे! तुम ऐसे मामूली होटल में बैरागिरी कर रहे हो?'

'हां!' हीरो शान्त स्वर में बोला-'सब समय की बात है. फिर भी अभी ऐसी हालत नहीं हुई कि इस होटल में खाना खाना पड़े.'

□ □ □

एक अधिकारी ने कागजी कार्यवाही के दौरान अपने पास बैठे एक आदमी से पूछा-'आपकी राष्ट्रीयता तो भारतीय है ना!'

'जी नहीं!'

'फिर?'

'मेरे मां और बाप दोनों अंग्रेज थे, इसलिए मेरी राष्ट्रीयता अंग्रेजी है.'

'मगर आप पैदा तो भारत में हुए थे.'

'तो क्या हुआ!' वह आदमी कड़क आवाज में बोला-'आपकी कुतिया यदि घुड़साल में जाकर पिल्ला दे तो क्या आप उसे घोड़ा मान लेंगे?'

□ □ □


बेटा-'पापा मुझे तीन विषयों में एक समान अंक मिले हैं.'

पिता-कितने अंक मिले हैं.

बेटा-'शून्य,शून्य,शून्य!'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3770



**बायें से दायें:-**

१. अशोककुमार, नूतन, धर्मेन्द्र की 'ओ जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
४. गोविंदा, शिल्पा शेट्टी की 'स्पॉप दैट मेरी मर्जी' गीत वाली फिल्म-४
७. 'आज गालो मुस्कुरालो' गीत वाली राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की फिल्म-३
८. फिल्म 'कभी कभीण' में ऋषिकपूर के साथ किस की जोड़ी थी-३
१०. १९७१ में आई अमिताभ, योगिता बाली का एक फिल्म-४
१३. 'कभी शाम ढले' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१७. 'शादी के लिये रजामंद' गीत वाली फिल्म-२
१९. सैफ अली, काजोल की फिल्म-३
२१. अनिलधवन, नीतू सिंह की 'तेरी गलियों में ना' गीतवाली फिल्म-३
२३. 'तु मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-२
२४. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
२५. अनिलकपूर, माधुरी की 'खत लिखना है' गीतवाली फिल्म-२
२७. राजीव, डिम्पल की फिल्म-२
२८. संजयदत्त, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की फिल्म-२
३०. 'तसवीर तेरी दिल में' गीत वाली देवआनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
३२. फिल्म 'हम तो मुहब्बत करेगा' में बॉबी देओल के किरदार का नाम-२
३४. 'देखें भी तो क्या' गीत वाली फिल्म-२
३५. 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३६. दिलीपकुमार, वैजयंतीमाला की 'तेरे हुस्न की क्या' गीत वाली फिल्म-३
३७. फिल्म 'अलग-अलग' में राजेश खन्ना की नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तेरे नैना मेरे नेनों की' गीत वाली फिल्म-३
२. फिल्म 'खुदगर्ज' में नायिका कौन थी-३
३. अनिलकपूर, माधुरी नम्रता की फिल्म-३
५. 'सैंया दिल में आना रे' गीतवाली फिल्म-३
६. फिल्म 'बारूद' में अक्षय की नायिका-३
९. बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२
१०. 'जरा तसवीर से तू' गीत वाली फिल्म-४
११. 'एक दूजे के लिए' में कमल हासन के किरदार का क्या नाम था-२
१२. फिल्म 'चोर मचाए शोर' में नायक-२
१४. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत वाली फिल्म-२
१६. सुनील शेट्टी, सोनाली की 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-२
२०. 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२३. फिल्म 'निकाह' की नायिका-३
२४. राज कपूर, नर्गिस की 'दम भर जो उधर' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'जब ना माना दिल' गीत वाली कमल सदाना, काजोल की फिल्म-३
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'मेरा पिया' गीत वाली माधुरी की फिल्म-३
३३. विक्रम, लक्ष्मी की 'दिल क्या करे जब किसी को' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 3769



## सूडोकु -3770

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3769 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्द पहेली - 3770



**बाएँ से दाएँ**

1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बानि-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**

1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

शब्द पहेली -3769 का हल



# यूपी रेरा ने 4,100 करोड़ के 12 प्रोजेक्ट किए मंजूर

**नोएडा, लखनऊ, आगरा, मथुरा और वाराणसी में बनेंगे 7 हजार से ज्यादा यूनिट**



**नोएडा।** यूपी रेरा ने प्रदेश के छह जिलों में 12 नए रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं में कुल 4,100.18 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। इन मंजूर की गई परियोजना से प्रदेश के छह जिलों में कुल 7,147 आवासीय और व्यवसायिक इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। इन परियोजनाओं को यूपी रेरा की 193वीं प्राधिकरण बैठक में मंजूरी दी गई।

## छह जिलों में परियोजनाओं को मिली मंजूरी

निवेश के मामले में गौतमबुद्ध नगर जिला सबसे आगे रहा, जहां तीन परियोजनाओं को 2,460.59 करोड़ के अनुमानित निवेश के साथ मंजूरी दी गई। इन परियोजनाओं के तहत 1,937 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा, जिससे यह जिला एक प्रमुख रियल एस्टेट और निवेश केंद्र के रूप में और मजबूत होगा।

राज्य की राजधानी लखनऊ में पांच परियोजनाओं को 1,091.16 करोड़ के कुल निवेश के साथ स्वीकृति दी गई। इन परियोजनाओं के माध्यम से कुल 3,569 इकाइयों का विकास किया जाएगा, जिनमें 2,964 आवासीय यूनिट और 605 व्यावसायिक इकाई शामिल हैं। इससे लखनऊ में आवासीय जरूरतों के साथ-साथ व्यावसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

मथुरा में एक आवासीय परियोजना को 300.81 करोड़ के निवेश के साथ मंजूरी दी गई है, जिसके तहत 504 आवासीय इकाइयों का निर्माण होगा। यह परियोजना क्षेत्र में सुव्यवस्थित आवासीय विकास में सहायक होगी।

प्रकार आगरा में 201.91 करोड़ की लागत वाली एक आवासीय परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसके अंतर्गत 949 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा।

वाराणसी में 36.92 करोड़ की लागत वाली एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति दी गई है, जिसमें 80 आवासीय इकाइयों का निर्माण प्रस्तावित है। वहीं झांसी में 8.79 करोड़ के निवेश वाली एक आवासीय परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसके तहत 108 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा।

## रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

इन 12 स्वीकृत परियोजनाओं में प्रस्तावित 4,100.18 करोड़ के निवेश से निर्माण कार्य के दौरान और उसके बाद बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। इसके साथ ही निर्माण सामग्री, परिवहन, इंजीनियरिंग सेवाओं और अन्य सहायक क्षेत्रों में मांग बढ़ेगी।

## सोसाइटी में पार्किंग विवाद, दो गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसाइटी में पार्किंग विवाद को लेकर दबंगई और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना बिसरख थाना क्षेत्र की गौर सिटी-1 स्थित फर्स्ट एवेन्यू सोसाइटी में हुई। पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने को लेकर सुशांत गुप्ता और कार चालक गुड्डू व कार मालिक आयुष के बीच विवाद शुरू हुआ। शुरुआती कहासुनी जल्द ही गाली-गलौज और दबंगई में बदल गई। आरोप है कि सुशांत गुप्ता के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और उन्हें धमकाया गया। सुशांत गुप्ता ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाया, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। वीडियो वायरल होने के बाद बिसरख थाना पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने पीड़ित से शिकायत प्राप्त कर वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई की। गाली-गलौज और दबंगई करने के आरोप में कार चालक गुड्डू कुमार (निवासी पिसावा, अलीगढ़) और कार मालिक आयुष (निवासी फर्स्ट एवेन्यू, गौर सिटी) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# नोएडा की सोसाइटी और मॉल में लोहड़ी की धूम



**ढोल नगाड़े और पंजाबी गीत पर थिरके लोग, आग के लगाए चक्कर**

**नोएडा।** आपसी भाईचारे, खुशहाली और नई शुरुआत का संदेश देने वाला पंजाबी पर्व लोहड़ी इस बार नोएडा में पूरे उत्साह और पारंपरिक अंदाज़ में मनाया गया। शहर की आवासीय सोसाइटी से लेकर व्यवसायिक परिसरों तक, हर जगह ढोल की थाप, लोक गीतों और अलाव की गर्माहट के बीच त्योहार की रौनक देखने को मिली। इसी कड़ी में सिक्का ग्रुप की आवासीय परियोजनाओं में लोहड़ी का आयोजन पारंपरिक तरीके से किया गया। सेक्टर-143ए स्थित सिक्का कामना ग्रीन्स, सेक्टर-143बी स्थित सिक्का कर्णम ग्रीन्स, सेक्टर-79 स्थित सिक्का किमांत्रा और सेक्टर-78 स्थित कार्मिक ग्रीन्स में शाम होते ही सोसाइटी के लोग पारंपरिक लोहड़ी अग्नि के चारों ओर इकट्ठा हुए। इसके अलावा सेक्टर-34 में भी धूम धाम से लोहड़ी का त्यौहार मनाया गया।

## ढोल-नगाड़ा और पंजाबी गीत

ढोल-नगाड़ों और पंजाबी गीतों पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सिक्का ग्रुप के चेयरमैन हरविंदर सिंह सिक्का ने कहा कि लोहड़ी सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि परिवारों और पड़ोसियों को जोड़ने का अवसर है। ऐसे आयोजनों से सोसाइटी में आपसी जुड़ाव बढ़ता है और सकारात्मक माहौल बनता है।

## मॉल मे मनाई लोहड़ी

शहर के व्यवसायिक केंद्रों में भी लोहड़ी का रंग खूब दिखा। सेक्टर-75 स्थित स्पेक्ट्रम मेट्रो मॉल में आयोजित लोहड़ी समारोह के दौरान पूरा परिसर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। यहां पारंपरिक अलाव के साथ लाइव ढोल और गायक की प्रस्तुतियों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# नोएडा में 15 लाख का माल कबाड़ी को बेचा

**नोएडा।** नोएडा में थाना सेक्टर-63 पुलिस ने एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। ये कंपनी से तैयार माल ऑर्डर देने वाले स्थान पर न ले जाकर कबाड़ी को बेचता था। इसकी निशानदेही पर 15 लाख रुपए के तैयार धागे ओर थ्रेड कटर बरामद किया गया है। एडीसीपी सेंट्रल संतोष कुमार ने बताया कि आरोपी का नाम धीरज सक्सेना है। इसे पुश्ता मोड़ के पास न्यू उस्मानपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। धीरज नोएडा के सेक्टर-63 में धागे बनाने वाली कंपनी में काम करता था। ये धागा अन्य कंपनियों की ओर से दिए गए ऑर्डर पर बनता है। धागा जूते की सिलाई में काम आता है। कंपनी का मालिक का विश्वास पात्र होने की वजह से माल की डिलीवरी करने धीरज ही जाता है। लालच आने के कारण 4 जनवरी को कंपनी से तैयार माल लिया गया और 300 पेटी गायब कर दी। शक होने पर मालिक ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी को पकड़ा।

# नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी को शासन ने हटाया

**प्रतीक्षा सूची में डाला गया, एनएमआरसी के कलेंडेर में छपी थी तस्वीर**

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के कार्यकारी निदेशक और प्राधिकरण के ओएसडी महेंद्र प्रसाद को शासन से अटैच कर दिया है। उनको प्रतीक्षा सूची में डाला गया है। दरअसल पूरा विवाद नोएडा मेट्रो रेल कार्पोरेशन के 2026 के केलेंडर को लेकर हुआ था। जिसमे एनएमआरसी के पूर्व कार्यकारी निदेशक और ओएसडी महेंद्र प्रसाद ने अपनी फोटो छपवाई थी।



फोटो छपने और वायरल होने के तत्काल बाद एनएमआरसी के एमडी और प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने महेंद्र प्रसाद को कार्यकारी निदेशक के पद से हटा दिया था। इसकी जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश को दी गई थी। मंगलवार को शासन ने अपने स्तर पर एक्शन लेते हुए महेंद्र प्रसाद को प्राधिकरण के ओएसडी पद से हटाकर प्रतीक्षा सूची में डाल दिया है।

## क्या है केलेंडर में इसे देखे

कैलेंडर के अप्रैल महीने के पेज पर NMRC के एमडी और नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम की दो तस्वीरें हैं। इनमें से एक तस्वीर में वह सितार बजाते हुए नजर आ रहे हैं, जबकि दूसरी में वह एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। लोकेश एम 2005 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और उनका जन्मदिन 3 अप्रैल को पड़ता है।

इसी तरह जुलाई महीने के पन्नों पर NMRC के कार्यकारी निदेशक और नोएडा प्राधिकरण में ओएसडी महेंद्र प्रसाद की दो तस्वीरें छपी हैं। 2014 बैच के आईएएस अधिकारी महेंद्र प्रसाद का जन्मदिन 5 जुलाई को होता है। तस्वीरों में वह एक जगह चलते हुए और एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल इनको प्रतिक्षा सूची में डाल दिया गया है।

# एनकाउंटर में गोली लगने घायल हुआ सनकी आशिक

**हत्याकांड का 30 घंटे में खुलासा, एकतरफा प्यार में घोंटा था गला**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने सेक्टर बीटा-2 में हुई युवती की बेरहमी से हत्या के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद उस सिरफिरे आशिक अंकित को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने एकतरफा प्यार में युवती की जान ली थी। आरोपी के पैर में गोली लगी है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बता दे कि हत्या के बाद पूरे कमिश्नरेट में हड़कंप मच गया था, जिसके बाद 6 विशेष टीमों का गठन किया गया। इस पूरी कार्रवाई की कमान एसीपी सार्थक सेंगर, एसीपी हेमंत उपाध्याय और थाना बीटा-2 प्रभारी विनोद कुमार ने संभाली।



मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जब आरोपी को घेरा, तो उसने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया।

पुलिस के अनुसार पूछताछ में सामने आया हत्या की वजह : सनक और एकतरफा प्यार था।

आरोपी मृतका पर दोस्ती करने के लिए लंबे समय से दबाव बना रहा था। जब उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया और बात करने से मना कर दिया, तो वह आपा खो बैठा। आरोपी ने मौका पाकर मृतका को घेरा और बेरहमी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने शव को सेक्टर बीटा-2 में एक कार के नीचे फेंक दिया ताकि यह हादसा लगे।

आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस, वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और अन्य सामान बरामद किया गया है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से महज 30 घंटे में हत्यारे तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा कॉलेज में छात्र से मारपीट का आरोप

**दो प्रोफेसरों पर केस दर्ज, एक हिरासत में**

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के दादरी स्थित विश्वेश्वरैया कॉलेज की एक बी-फार्मा छात्रा ने अपने शिक्षकों पर छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए हैं।

छात्रा का आरोप है कि शिकायत करने पर प्रधानाचार्य ने उसे प्रयोगात्मक परीक्षा में फेल करने की धमकी दी। इस मामले में कॉलेज प्रबंधन के दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि एक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

छात्रा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर न्याय न मिलने पर आत्महत्या की धमकी भी दी थी। वायरल वीडियो में छात्रा ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा के दौरान एक शिक्षक ने उसके साथ गलत हरकत की और उसे धक्का देकर गिरा दिया।

जब उसके साथी ने बचाव का प्रयास किया, तो उसे भी बुरी तरह पीटा गया। छात्रा का यह भी आरोप है कि शिक्षक अन्य छात्राओं पर भी गलत नज़र रखता है।

वीडियो सामने आने के बाद समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मोहित नागर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्रों ने कॉलेज परिसर में जमकर हंगामा किया।

# यमुना प्राधिकरण पर 16 फरवरी को महापंचायत

**आबादी निस्तारण की मांग पर किसान एकता संघ की बैठकें तेज**

**जेवर।** यमुना प्राधिकरण द्वारा आबादी निस्तारण के मुद्दे को लेकर किसान एकता संघ ने गांवों में जनसंपर्क और बैठकों का दौर तेज कर दिया है।

इसी क्रम में, संघ ने 16 फरवरी को यमुना प्राधिकरण पर एक विशाल पंचायत आयोजित करने की घोषणा की है।

मंगलवार को जेवर के कादलपुर गांव में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मोहम्मद ताहिर ने की और संचालन जिला अध्यक्ष पप्पे नागर ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पं. प्रमोद शर्मा ने बताया कि 16 फरवरी को होने वाली पंचायत में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में किसान, महिलाएं, बच्चे और मवेशियों के साथ लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जब तक आबादी निस्तारण की मांग पूरी नहीं होती, तब तक सभी लोग वहीं डटे रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान ने इस दौरान कहा कि किसान एकजुट होकर विधायक और सांसद का घेराव करेंगे और अपनी समस्याएं उनके सामने रखेंगे।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनप्रतिनिधियों ने किसानों की बात नहीं सुनी तो आगामी चुनावों में उनके बहिष्कार का निर्णय लिया जाएगा।

बैठक में श्रीकृष्ण बैंसला, संजय प्रधान, प्रमोद शर्मा, पप्पे नागर, उम्मेद एडवोकेट, सतवीर भाटी, जेपी नागर, मेहरबान अली, जोरा भाटी, अकरम खान, फैजान अली, रोहित गौतम और शिवम शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## घर से ही जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकेंगे

**नोएडा।** ईपीएफओ पेंशनभोगी घर से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकेंगे। पेंशनभोगियों को पारंपरिक कागजी प्रमाणपत्र जमा करने के लिए बैंक शाखाओं या ईपीएफओ कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक और ईपीएफओ के बीच समझौता हुआ है। जिसके तहत आईपीपीबी के डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक घर घर जाकर जीवन प्रमाण पत्र जमा करेंगे। यह सुविधा निशुल्क होगी। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त सुयश पांडे के अनुसार वर्तमान में कुल 28,339 पेंशनर्स में से 1149 ऐसे है जिनका जीवन प्रमाण पत्र एक साल या अधिक समय से लंबित है। ऐसा कोई भी पेंशनर हीं है जिनका प्रमाण पत्र 5 साल या अधिक समय से लंबित है।

# नोएडा में कारोबारी से 36 लाख का फ्रॉड

**आईपीओ में निवेश का झांसा देकर रुपए जमा कराए, वापस मांगने पर दी धमकी**

**नोएडा।** नोएडा में कारोबारी से 36 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। उसे मुनाफे का झांसा देकर निवेश कराया गया। बाद में पैसे वापस मांगने पर धमकी दी गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर केस दर्ज करने की बात कह रही है।

## अब विस्तार से पढ़िए पूरा मामला

कारोबारी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया- वह ग्रेटर नोएडा के कासना का रहने वाला है उसकी प्लास्टिक के पार्ट बनाने की फैक्ट्री है। ट्रेडिंग के नाम पर उनसे बीते साल नवंबर में संपर्क किया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से ठग ने शिकायतकर्ता से संपर्क किया और बताया कि स्टॉक मार्केट और विभिन्न आईपीओ में निवेश कर प्रतिमाह लाखों रुपए मुनाफा घर बैठे कमाया



जा सकता है।

कई दिन तक बातचीत करने के बाद ठग ने शिकायतकर्ता से भी निवेश करने के लिए कहा। इसके लिए उन्हें एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ लिया गया। इसमें कई अन्य लोग पहले से ही जुड़े हुए थे। ग्रुप में निवेश संबंधी प्रशिक्षण एक व्यक्ति द्वारा रोजाना दिया जाता था। उसके बताए अनुसार ग्रुप के लोग निवेश कर मुनाफा कमा रहे थे। इसका स्क्रीनशॉट भी उन लोगों द्वारा ग्रुप पर साझा किया जा रहा था।

हिचकिचाते हुए पीड़ित ने पहली बार में कम रकम निवेश की। इसपर उसे मुनाफा हुआ और मुनाफा समेत रकम निकालने की अनुमति भी दी गई। पीड़ित को लगा की वह सही जगह पर निवेश कर रहा है और कम समय में अमीर बन सकता है। ऐसे में उसने अपनी सारी जमा पूंजी निवेश कर दी। रकम जब कम पड़ी तो मुनाफे के चक्कर में पीड़ित ने अपना घर भी बेच दिया।

## टैक्स जमा करने को कहा गया

नवंबर में पीड़ित ने करीब तीन लाख, दिसंबर में करीब साढ़े आठ लाख और जनवरी 2026 में 25 लाख रुपए निवेश किए।

अचानक से पीड़ित को रकम की आवश्यकता पड़ गई। उन्होंने मुनाफे समेत रकम निकालनी चाही तो ठगों ने विभिन्न करों का हवाला देते हुए और रकम ट्रांसफर करने के लिए कहा। पीड़ित के मना करने पर ठगों ने निवेश की हुई रकम भी वापस न मिलने की धमकी दी।

# शार्ट न्यूज

## बिजली के तार चोरी गिरोह करने वाले पकड़े

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेजपार्क थाना पुलिस ने बिजली के तार चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी उसी कॉलेज में इलेक्ट्रिशियन के तौर पर काम करते थे, जहां से उन्होंने 40 बंडल बिजली के तार चोरी किए थे। पुलिस ने चोरी के तार और घटना में प्रयुक्त बलेनो कार बरामद की है। पुलिस टीम लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग के तहत क्षेत्र में गश्त कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर शारदा गोलचक्कर के पास एक संदिग्ध बलेनो कार को रोका गया। तलाशी के दौरान कार से बिजली के तारों के बंडल मिले, जिनके संबंध में कार सवार कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुल्तान, नसीम खान उर्फ शकील, आदिल और दक्ष के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नॉलेज पार्क-3 स्थित एक निजी कॉलेज में इलेक्ट्रिशियन थे। उन्होंने रात के समय कॉलेज परिसर से ही 40 बंडल बिजली के तार चोरी किए थे और उन्हें बेचने की फिराक में थे।

## बिलासपुर कस्बे में बंदरों का आतंक

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर कस्बे में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों में भय का माहौल है। बंदरों की बढ़ती संख्या के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ये बंदर छतों, घरों के मुख्य दरवाजों और गलियों में खुलेआम उत्पात मचा रहे हैं, जिससे लोगों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बंदर अक्सर छतों पर सूखने डाले गए कपड़े फाड़ देते हैं और अचानक हमला कर देते हैं। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को इनसे विशेष परेशानी हो रही है। स्थिति यह है कि तेज धूप के बावजूद लोग छतों पर जाने से डरते हैं। बंदरों के हमलों में कई लोग घायल भी हो चुके हैं। कस्बा निवासी राजेंद्र और शरीफ सहित अन्य लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है। हालांकि, अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। निवासियों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी केवल आश्वासन देकर मामले को टाल देते हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

## ग्रेटर नोएडा में कार-बाइक टक्कर: पेड़ से टकराकर सीवर लाइन में पलटी कार, 3 घायल

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में मंगलवार को दनकौर कोतवाली क्षेत्र के ननुआ का राजपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार कार और बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार पेड़ से टकराकर सीवर लाइन में पलट गई। कार में सवार दो लोग भी घायल हुए हैं। मूलरूप से बिहार निवासी रमेश दनकौर कस्बे में किराए पर रहते हैं और ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में कार्यरत हैं। मंगलवार दोपहर वह अपनी बाइक से कंपनी में ड्यूटी के लिए जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक कई फीट दूर जा गिरी और रमेश गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकराई और पास की सीवर लाइन में पलट गई। इस घटना में कार में सवार दो व्यक्तियों को भी चोटें आईं। राहगीरों ने सभी घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया। चश्मदीदों के अनुसार, घटना के समय कार की गति बहुत तेज थी, जिसके कारण यह भीषण हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

## देश में सबसे वायु प्रदूषित ग्रेनो

**नोएडा।** कड़ाके की ठंड के साथ ही लोग प्रदूषण की दोहरी मार लोग झेल रहे हैं। इस मौसम में मंगलवार जिला का सबसे ठंड दिन रहा और यहां न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, ग्रेटर नोएडा देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा। लखनऊ स्थित मौसम विज्ञान विभाग के पास गौतमबुद्ध नगर के मौसम से संबंधित पुराने आंकड़े नहीं हैं। ऐसा माना जा रहा है कि कई सालों के बाद न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। सुबह नौ बजे के बाद खिली धूप निकलने से दिन में राहत मिली। मौसम विज्ञान विभाग ने जिले का अधिकतम तापमान जारी नहीं किया।पूर्वानुमान के अनुसार अगले छह दिनों तक भी न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस या इससे कम रहने की संभावना है। लिहाजा सुबह के समय कड़ाके की ठंड रहेगी। अधिकतम तापमान भी 20 डिग्री सेल्सियस से कम रहेगा। 16 और 17 जनवरी को घना कोहरा रह सकता है। लखनऊ स्थित मौसम विज्ञान विभाग के मेट्रोलॉजिस्ट ए वारसी ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर के तापमान से संबंधित पहले के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। लिहाजा यह बताना मुश्किल है कि इससे पहले न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस कब दर्ज किया गया था।

## महिला दरोगा घूस लेते अरेस्ट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक महिला दरोगा को 45 हजार रुपए घूस लेते पकड़ा गया। महिला दरोगा भुवनेश्वरी 23 सितंबर, 2025 को एक बदमाश का एनकाउंटर करके चर्चा में आई थी। जांच के दौरान उसके पास से रिश्वत की रकम भी बरामद हुई। मंगलवार देर शाम उसे सस्पेंड कर दिया गया। एंटी करप्शन टीम ने जब भुवनेश्वरी को पकड़कर ले जाने लगी, तो उसने दुपट्टे से अपना चेहरा ढंक लिया। महिला दरोगा भुवनेश्वरी ने दहेज से जुड़े एक मामले में कार्रवाई के नाम पर रिश्वत ले रही थी। तभी एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगेहाथ पकड़ लिया। मामला साहिबाबाद थाने की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी का है। भुवनेश्वरी सिंह को दूसरी बार रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया है। साहिबाबाद थाना क्षेत्र के वृंदावन के रहने वाले रामपाल सैनी ने कहा- मैं बहुत डरा हुआ हूं। यह पुलिस का मामला है। मैं मजदूर आदमी हूं। मुझे परेशान न किया जाए। एंटी करप्शन टीम ने बहुत अच्छा काम किया है। अगर कानून के तहत कार्रवाई करनी थी, तो ईमानदारी से करनी चाहिए थी। रामपाल ने बताया- मुझे अपने बेटे के दोस्त के जरिए एंटी करप्शन विभाग के बारे में पता चला था।

## इंस्टाग्राम विज्ञापन से 5.35 लाख की ठगी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। इंस्टाग्राम पर फर्जी फाइनेंस कंपनी के विज्ञापन के जरिए उससे ऑनलाइन लोन के नाम पर 5 लाख 35 हजार रुपये ठग लिए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजनगर एक्सटेंशन निवासी पीड़ित ने बताया कि 25 अक्टूबर 2025 को उसने इंस्टाग्राम पर टाटा 1 एमजी स्टैटिक फाइनेंस नामक कंपनी का विज्ञापन देखा था। इस विज्ञापन में आसानी से लोन उपलब्ध कराने का दावा किया गया था। पीड़ित ने विज्ञापन में दिए गए नंबर पर संपर्क किया, जिसके बाद एक व्यक्ति ने खुद को फाइनेंस कंपनी का प्रतिनिधि बताया। आरोपियों ने बातचीत के दौरान पहले रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 55,000 रुपये जमा करने को कहा। इसके बाद प्रोसेसिंग फीस, जीएसटी, फाइल चार्ज, इंश्योरेंस और एनओसी के नाम पर लगातार पैसे मांगे जाते रहे। आरोपियों ने हर बार यह भरोसा दिलाया कि अगली रकम जमा होते ही लोन की राशि सीधे पीड़ित के खाते में भेज दी जाएगी।

## गाजियाबाद में तेज रफ्तार कार शोरूम में घुसी

**गाजियाबाद।** गाज़ियाबाद के इंदिरापुरम क्षेत्र में नशे में धुत युवक ने टाइल्स के शोरूम में कार घुसा दी। कार की रफ्तार भी तेज थी। जिससे कार का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि कोई चपेट में नहीं आया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेते हुए कार को कब्जे में लिया है। मामला इंदिरापुरम के न्याय खंड-3, शुक्र बाजार चौक के पास का है। जहां नशे की हालत में कार चला रहा एक युवक अचानक नियंत्रण खो बैठा और सीधा टाइल्स के शोरूम में जा घुसा। इस हादसे में शोरूम में रखी टाइल्स को लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ। हादसे के बाद राहगीरों ने किसी तरह कार चालक को कार से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची अभय खंड चौकी पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लिया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि चालक नशे की हालत में था। पुलिस इसमें आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं एक घटना में बस डिवाइडर पर चढ़ गई।

# संभल हिंसा में एएसपी अनुज चौधरी समेत 12 पर एफआईआर


## युवक को गोली मारने का आरोप; सीजेएम कोर्ट ने दिया आदेश

**संभल।** संभल हिंसा में एएसपी अनुज चौधरी समेत 12 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर के आदेश हुए हैं। यह आदेश मंगलवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर की कोर्ट ने दिया।

आरोप है कि हिंसा के दौरान पुलिसकर्मियों ने एक युवक को गोली मार दी थी। युवक के पिता ने कोर्ट में याचिका लगाई थी। आरोपियों में इंस्पेक्टर अनुज तोमर भी शामिल हैं। अनुज चौधरी हिंसा के वक्त संभल सीओ थे। अब वे फिरोजाबाद में एएसपी ग्रामीण हैं।

### टोस्ट बेचने निकला था युवक

नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला खग्गू सराय अंजुमन निवासी यामीन ने सीजेएम कोर्ट में 6 फरवरी, 2024 को



याचिका दायर की थी। यामीन ने बताया- उनका बेटा आलम 24 नवंबर, 2024 को रस्क (टोस्ट) बेचने घर से निकला था। शाही जामा मस्जिद क्षेत्र में पहुंचने पर पुलिस ने उसे गोली मार दी थी। यामीन ने तत्कालीन सीओ संभल अनुज चौधरी और संभल कोतवाली इंस्पेक्टर अनुज तोमर सहित 12 पुलिसकर्मियों को आरोपी बनाया था। 9 जनवरी, 2026 को कोर्ट में मामले पर सुनवाई हुई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सभी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। मंगलवार को मामला सामने आया, तब लोगों को जानकारी हुई।

यामीन के वकील चौधरी अख्तर हुसैन ने बताया- उनके मुवक्किल के बेटे ने पुलिस से छिपकर अपना इलाज कराया। कोर्ट से पूर्व सीओ अनुज चौधरी और पूर्व इंस्पेक्टर अनुज तोमर सहित अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर की मांग की गई थी।

अख्तर हुसैन ने मंगलवार शाम को आदेश की जानकारी मिलने की पुष्टि की, हालांकि देर शाम आदेश जारी होने के कारण उन्हें अभी तक कोर्ट का लिखित आदेश नहीं मिला है।

## मेरठ में जिस्मफरोशी की सूचना पर स्पा सेंटरों पर छापा

**मेरठ।** मेरठ में मंगलवार शाम पुलिस ने स्पा सेंटरों पर छापेमारी कर खलबली मचा दी। सूचना मिली थी कि अवैध रूप से चल रहे इन सेंटरों में अनैतिक कार्य हो रहे हैं। चार अलग-अलग स्थान पर की गई इस कार्रवाई में 20 युवतियों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। सभी को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के दफ्तर में रखा गया है। पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि शहर में कई स्थानों पर अवैध रूप से स्पा सेंटर चलाए जा रहे हैं। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को इन्हें तलाशने की जिम्मेदारी दी गई। जल्द ही सभी का पता निकाल भी लिया गया। मंगलवार शाम SP CITY आयुष विक्रम सिंह और CO सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने संयुक्त रूप से इन इस्पात सेंट्रो पर छापा मार दिया। पुलिस की छापेमारी से हड़कंप मच गया। दो स्पा सेंटर मंगल पांडे नगर में संचालित मिले हैं। एक स्पा सेंटर गढ़ रोड पर है और चौथा स्पा सेंटर दिल्ली रोड स्थित एक बड़े मॉल में पकड़ा गया है।

## चिटफंड कंपनी के जरिए करोड़ की ठगी करने वाले चार शातिर गिरफ्तार



**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना तालबेहट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 06/2026 धारा 111/318(4)/ 61(2)/ 338/ 352/351(3)/ 336(3)/ 340(2) बीएनएस के अभियोग में वाँछित अभियुक्तगण भरत वर्मा मुकेश कुमार जैन रविशंकर तिवारी उर्फ रवि तिवारी विनोद कुमार तिवारी उर्फ रानू को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय पेश किया जा रहा है । थाना तालबेहट पर शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर अभियुक्तगण द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर अपने आर्थिक लाभ के लिये एलयूसीसी नाम की एक चिटफंड कम्पनी के माध्यम से धोखाधड़ी कर षड्यन्त्र पूर्वक कूटरचित दस्तावेज तैयार करते हुये प्रार्थी के रुपये लेकर हड़प लेना एवं प्रार्थी द्वारा अपना रुपया वापस मांगने पर टाल-मटोल करते हुये गाली-गलौच करना तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी । सूचना के आधार पर थाना तालबेहट पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । उपरोक्त प्रकरण की गंभीरता व व्यापकता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही व वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन हेतु टीमें गठित की गयीं थी । गठित टीमों द्वारा सर्विलांस (मैनुअली/टैक्नीकल), वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से 04 अभियुक्तगण को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है ।

# असम हाईवे पर कार पलटी, दो दोस्तों की मौत, तीसरा गंभीर घायल

**पूरनपुर।** पीलीभीत के पूरनपुर क्षेत्र में सोमवार को असम हाईवे पर कजरी निरंजनपुर गांव के निकट तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में शाहजहांपुर के बंडा थाना क्षेत्र के नवदिया बंकी निवासी हरमीत सिंह (38 वर्ष) और पूरनपुर के शेरपुर मकरंदपुर निवासी जयदीप सिंह (32 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। गाड़ी में सवार तीसरा युवक लवजीत सिंह (26 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सीएचसी पूरनपुर भिजवाया गया है।

जानकारी के अनुसार, जयदीप सिंह उर्फ दीपू लाहोरिया अपने दोस्त हरमीत और मैनाकोट क्षेत्र के ग्राम लवजीत सिंह के साथ स्कॉर्पियो से सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के कजरी निरंजनपुर निवासी सरवन सिंह




लाहोरिया के घर एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में एक वाहन को बचाने की कोशिश के दौरान उनकी तेज रफ्तार गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद लवजीत ने किसी तरह गाड़ी से बाहर निकलकर शोर मचाया। राहगीरों की मदद से पुलिस को सूचना मिली। पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पूरनपुर भेजा, जहां चिकित्सकों ने जयदीप और हरमीत सिंह को मृत घोषित कर दिया। लवजीत का उपचार जारी है।

## आगरा में साइबर ठगों ने दरोगा को बनाया निशाना

**आगरा।** आगरा में साइबर ठगों ने एक पूर्व दरोगा को निशाना बनाते हुए करीब 10 लाख रुपये की ठगी कर ली। 21 दिसंबर को आए संदिग्ध कॉल के बाद एपीके फाइल इंस्टॉल कराई गई, जिसके जरिए मोबाइल का एक्सेस हासिल कर लिया गया। 22 दिसंबर को एसबीआई खाते से 6 बार में 9,98,500 रुपये निकाल लिए गए। पुलिस के मुताबिक, ठगों ने खुद को बैंक/पेंशन विभाग से जुड़ा अधिकारी बताकर पेंशन अपडेट की बात कही और एपीके फाइल भेजकर इंस्टॉल करने को कहा। फाइल इंस्टॉल होते ही मोबाइल ठगों के हाथ में आ गया। साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। ठगी से जुड़ा बैंक खाता सेव का बाजार शाखा का बताया जा रहा है। पुलिस अब इस खाते और उससे जुड़े नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है।

# पंचायत फंड में भारी अनियमितता का आरोप

## बरखेड़ा ब्लॉक में बिना कार्य शुरू हुए निकाला गया सरकारी धन

**बरखेड़ा।** बरखेड़ा विकास खंड में तैनात एक ग्राम पंचायत सचिव पर सरकारी धन के दुरुपयोग और गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। मामला पंचायती कार्यों से जुड़े लेबर एवं निर्माण मद में भुगतान से संबंधित है, जहां आरोप है कि कार्य शुरू हुए बिना ही एस्टीमेट और तथाकथित रनिंग एमवी के आधार पर भुगतान कर दिया गया।

सूत्रों के अनुसार जिन पंचायतों में लेबर कार्य दर्शाए गए हैं, वहां न तो किसी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू हुआ, न ही मजदूरों की उपस्थिति दर्ज पाई गई। इसके बावजूद लेबर मद से भुगतान निकाल लिया गया, जो कि शासनादेश और वित्तीय नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किसी भी पंचायत कार्य में रनिंग एमवी पर भुगतान तभी संभव है, जब कार्य स्थल पर काम प्रारंभ हो चुका हो और भौतिक सत्यापन किया गया हो। आरोप है कि बरखेड़ा ब्लॉक में इन नियमों की अनदेखी करते हुए कार्य शुरू होने से पहले ही धनराशि निकाल ली गई, जिससे पूरे भुगतान तंत्र की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायती चुनाव नजदीक आते ही पंचायत निधि निकालने की जल्दबाजी बढ़ गई है। इसी क्रम में बिना कार्य के भुगतान दर्शाकर सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण विकास कार्यों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता दोनों प्रभावित हो रही हैं। इस प्रकरण में तकनीकी सहमति, एमवी सत्यापन एवं भुगतान अनुमोदन प्रक्रिया की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। यदि समय रहते जांच नहीं की गई, तो सरकारी धन की हानि और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। एडीओ पंचायत ने जांच का दिया आश्वासन मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए एडीओ पंचायत ने कहा कि रनिंग भुगतान केवल कार्य प्रारंभ होने के बाद ही किया जाता है। यदि बिना कार्य शुरू हुए भुगतान हुआ है, तो पूरे प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों एवं सामाजिक संगठनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि दस्तावेजों और स्थलीय सत्यापन का मिलान किया जाए, तो कई पंचायतों में गंभीर अनियमितताएं उजागर हो सकती हैं।

# छात्राओं को महिला सुरक्षा और अधिकारों की जानकारी दी गई

## साइबर अपराध और महिला अधिकारों से अवगत कराया गया

**पीलीभीत।** जिले में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग ने मिशन शक्ति 5 अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में सक्रिय कदम उठाए। इस अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा केंद्र की टीमों ने 13 जनवरी 2026 को जिले के महिला थानों में भ्रमण कर छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों से अवगत कराया।

अभियान के दौरान महिला थानों की टीमों ने छात्राओं को महिला सम्बन्धी कानूनों की जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार से वे किसी भी आपराधिक घटना या उत्पीड़न की स्थिति में कानूनी सहायता प्राप्त कर



सकती हैं। इसके साथ ही छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराए गए, ताकि वे आपातकालीन परिस्थितियों में तुरंत संपर्क कर सकें।

टीमों ने विशेष रूप से साइबर अपराध से बचाव के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया और छात्राओं को ऑनलाइन सुरक्षित रहने की सावधानियाँ बताई। अभियान के दौरान यह संदेश दिया गया कि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना और किसी भी अनुचित या आपत्तिजनक व्यवहार की जानकारी तुरंत संबंधित प्राधिकारी को देना अति आवश्यक है।

यह अभियान थाना महिला, थाना सुनगढ़ी, थाना हजारा, थाना अमरिया और थाना दियोरिया कला के क्षेत्रों में आयोजित किया गया। प्रत्येक थाना क्षेत्र की टीम ने छात्राओं से संवाद कर उनके प्रश्नों का समाधान किया और उन्हें सुरक्षित रहने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस विभाग ने इस पहल को महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। विभाग का कहना है कि ऐसी जागरूकता गतिविधियों से न केवल छात्राओं में अपने अधिकारों के प्रति विश्वास बढ़ेगा, बल्कि समाज में महिला सुरक्षा को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण भी विकसित होगा।

# ललितपुर पुलिस ने साइबर पीड़ित के खाते में वापस कराए 2.86 लाख रुपये

**ललितपुर ।** पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी मामले में पीड़ित के खाते में 2.86 187 रुपये वापस कराए हैं। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना, ललितपुर पुलिस द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आवेदक गब्बर सिंह पुत्र बाबूलाल राजपूत नि0 ग्राम खटौरा थाना सौजना जनपद ललितपुर के साथ 2,86,187/- रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी हुई थी।

जिसकी साइबर क्राइम थाना ,ललितपुर पर प्राप्त शिकायत के आधार पर मु0अ0स0-13/2025 धारा- 318(4), 336,338,340 बीएनएस और 66सी,66डी आई0टी0एक्ट में पंजीकृत किया गया था ।

साइबर क्राइम थाना, ललितपुर पुलिस द्वारा पीड़ित के उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर, त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियों/ बैंकों/वॉलेट आदि से सम्पर्क कर, द्वारा उचित माध्यम से संबंधित वित्तीय एजेंसियों को द्वड्डुद्धद्य व समन्वय स्थापित करके, पीड़ित का पैसा होल्ड कराकर, पीड़ित से फ्रॉड हुई सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस करने में सफलता प्राप्त की है ।

# दोस्त और उसकी गर्लफ्रेंड से परेशान युवक ने जान दी

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर में एक युवक ने अपने दोस्त और उसकी गर्लफ्रेंड की धमकियों से परेशान होकर जान दे दी। युवक ने पहले डायल 112 पर फोन कर सुसाइड की धमकी दी थी। एसपी ने एसओ से युवक की बात सुनने लिए कहा। लेकिन युवक एसओ से इंसाफ न मिलने का दावा करता रहा।

उसने एसओ से कहा- सुसाइड करने जा रहा हूं। फिर पुलिस और मीडिया जानें क्या करना है। पुलिस युवक को तलाश कर थाने लेकर आई। गेट पर उसने बताया- जहर खा लिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर पीटने का आरोप लगाया। मामला भीरा थाना क्षेत्र का है।

गांव मेड़ई पुरवा निवासी सुजीत मिश्रा (33) के परिवार में पत्नी कामिनी के अलावा उनके 3 बच्चे हैं। बड़ी बेटी अवि (15), प्रज्ञा (12) और बेटा विराट (10) है।

# पुलिस ने चलाया साइबर जागरुकता अभियान, बताए साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय

**ललितपुर।** जखौरा पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल, पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में आमजन-मानस को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया । जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई ।डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे



में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें । किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें ।

कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें । सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें ।

# बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर पति को मार डाला

## पत्नी ने लखनऊ में अंतिम संस्कार किया, कानपुर कोर्ट ने दोषी ठहराया; 16 जनवरी को होगी सजा

कानपुर। नौबस्ता में प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कराने के मामले में एडीजे-20 की कोर्ट ने आरोपी प्रेमी-प्रेमिका को दोषी करार दिया है। मार्च 2024 में पत्नी मायके जाने की बात कहकर पति को साथ ले गई और लखनऊ में उसे जहर देकर मार डाला था। फिर दोषियों ने लखनऊ में उसका अंतिम संस्कार कर दिया। घटना के बाद से ही प्रेमी-प्रेमिका जेल में है। 16 जनवरी को दोषियों को सजा सुनाई



जाएगी। किदवई नगर वाई ब्लाक निवासी पुनीत कुमार शर्मा ने नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया था कि उनके इकलौते बेटे प्रतीक की शादी फैजाबाद की नेहा शर्मा के साथ वर्ष 2017 में हुई थी। बेटा मेडिकल स्टोर संचालक था।

6 मार्च 2024 को नेहा बेटे प्रतीक और बच्चों पांच साल की बेटी मान्या और तीन साल के बेटे अबिराज को लेकर फैजाबाद गई थी। 12 मार्च को नेहा बच्चों के साथ वापस आ गई, लेकिन बेटा नहीं आया।

पूछने पर बहू ने बताया कि रास्ते में गाड़ी खराब हो गई थी। दो-तीन दिन में वापस आ जाएंगे। इसके बाद उन्होंने बेटे के फोन किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

16 मार्च को बहू पोते अबिराज को दवा दिलाने के बात कहकर दोनों बच्चों को लेकर चली गई और वापस नहीं लौटी। इस पर नौबस्ता थाने में बेटे बहू और दोनों बच्चों की गुमशुदगी दर्ज करायी थी।

# प्रतापगढ़ में अनियंत्रित कार की टक्कर से महिला की मौत

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ जनपद के फतनपुर थाना क्षेत्र के बीरापुर गांव में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में एक महिला की मृत्यु हो गई। घर के बाहर अलाव ताप रही महिला को एक अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी थी, जिसके बाद कार खड्ड में पलट गई।

मृतका की पहचान 46 वर्षीय चंदा देवी पत्नी मंगीलाल प्रजापति के रूप में हुई है। यह घटना मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे बीरापुर-गजरिया मार्ग पर हुई। चंदा देवी अपने घर के सामने सड़क किनारे बैठकर अलाव ताप रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार खड्ड में जा पलटी, जिससे चंदा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे।

गंभीर रूप से घायल चंदा देवी को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

# शार्ट न्यूज

## नेशनल हाईवे पर हादसों को रोकने के लिए क्रिटिकल लोकेशन का किया निरीक्षण



**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में स्रष्ठ नोडल अधिकारी क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा संबंधित विभागों, NHAI, ARTO, PWD, EO नगर पालिका के साथ क्रिटिकल कॉरिडोर, क्रिटिकल क्रैश लोकेशन का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान चिन्हित दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) पर NHAI/PWD/EO नगर पालिका को संबंधित सोलर ब्लिंकर, हाई मस्ट लाइट, साइनेज बोर्ड, अवैध कट आदि को बंद करने हेतु निर्देशित किया गया।

## चोरी हुए मोबाइल फोन पाकर खिल उठे चेहरे, 63 हजार रुपये रही कुल कीमत

**ललितपुर ।** महरौनी पुलिस ने चोरी एवं गुम हुए तीन विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिक को सौंप दिये। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना महरौनी पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी । थाना महरौनी पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्षलेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 03 गिरे हुए/ खोये हुए मोबाइल फोन को बरामद कर, उनके स्वामियों को सुपुर्द किया ।पीड़ितों का मोबाइल फोन उन्हे वापस मिलने पर, उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक, ललितपुर व थाना महरौनी पुलिस की भूरि - भूरि प्रशंसा की गयी ।

## तेज रफ्तार ट्रक ने दो युवकों को कुचला

**बहेड़ी।** बरेली के बहेड़ी थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई और एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना सोमवार शाम को नारायण नगला मंडी के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान भूड़ा बहादुरपुर निवासी शिवम भारती (22) और मनकापुर गांव निवासी विमल (22) के रूप में हुई है। जिला पंचायत सदस्य संतोष भारती ने बताया कि शिवम अपने दोस्त विमल और एक युवती युक्ति के साथ बाइक से बहेड़ी जा रहा था। वे मौसेरे भाई की बेटी के जन्मदिन के लिए उपहार खरीदने जा रहे थे। ट्रक की टक्कर इतनी भीषण थी कि शिवम और विमल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक पर सवार युवती युक्ति गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया। मृतकों की जेब से मिले कागजातों के आधार पर उनके परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद परिवारों में मातम छा गया।

## बिजनौर में आठवीं तक कल स्कूल बंद

बिजनौर। बिजनौर में बढ़ती ठंड और शीतलहर के कारण 14 जनवरी 2025 को प्री-प्राइमरी से आठवीं तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिले में पिछले कई दिनों से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। अत्यधिक ठंड के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर हैं और सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों तथा अलाव का सहारा ले रहे हैं। बच्चों को विशेष रूप से ठंड से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने बताया कि जिलाधिकारी बिजनौर के निर्देशों के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अत्यधिक ठंड, शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए 14 जनवरी को प्री-प्राइमरी से आठवीं तक के बच्चों के लिए एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है। इस अवकाश में जनपद के सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई, मदरसा बोर्ड और उत्तर प्रदेश बोर्ड के प्राइमरी से आठवीं तक के विद्यालय शामिल हैं।

## नौकरी के नाम पर ठगी, दो गिरफ्तार

**अमरोहा।** अमरोहा साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लगभग 17 हजार रुपये नकद, लैपटॉप और फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं। अमरोहा एसपी अमित कुमार आनंद ने मंगलवार शाम यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान संभल जिले के नूरिया सराय निवासी मोहम्मद फहीम पुत्र जरीफ हुसैन और मुरादाबाद के कुंदन नगर निवासी विशाल पुत्र जय प्रकाश के रूप में हुई है। उनके दो साथी रोहन यादव (मुरादाबाद) और शाहबाज अहमद (बिजनौर) अभी फरार हैं। ये ठग ऑनलाइन नौकरी पोर्टलों पर सक्रिय रहते थे। वे नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को निशाना बनाते थे और उन्हें नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में पहले भी ठगी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो लैपटॉप, छह मोबाइल फोन, फर्जी दस्तावेज और करीब 17 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।

## किसानों ने एक्सप्रेस-वे पर प्रदर्शन किया

**मोदीनगर।** मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर किसानों ने मंगलवार को अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। तलहेटा गांव में बनने वाले गोल चक्कर पर उतार-चढ़ाव की मांग को लेकर किसानों ने पैदल मार्च निकाला और धरना दिया। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो आगामी पंचायत चुनावों का बहिष्कार किया जाएगा। पिछले 24 दिनों से 15 गांवों के किसान इस मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवधि में किसानों ने दो बार महापंचायत भी आयोजित की है। एक सप्ताह पहले उन्होंने एक्सप्रेस-वे पर दो घंटे के लिए टोल फ्री भी करवाया था। किसानों का आरोप है कि इन सभी प्रयासों के बावजूद, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने अभी तक उनसे कोई बातचीत नहीं की है। किसानों ने NHAI अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी भी की। किसानों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, तब तक धरना जारी रहेगा और वे पंचायत चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

## बहू-सास का एकसाथ अंतिम संस्कार

**कुशीनगर।** कुशीनगर में मां और बेटी की हत्या करने वाले युवक को जेल भेज दिया गया। इसके बाद आज दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। दोनों शव एक ही चिता पर सजाए गए। लेकिन परिवार को कोई शख्स मुखाग्नि देने के लिए आगे नहीं आया। बाद में श्मशान घाट के कर्मचारियों ने चिता को आग दी। वारदात अहिरौली थाना क्षेत्र के परसा गांव की है। सिकंदर गुप्ता (30) अपनी मां रुना देवी और पत्नी प्रियंका की सिर कूचकर हत्या की थी। बाद में खोपड़ी का मांस भी खा गया था। पुलिस के अनुसार, आरोपी सिकंदर को जब गिरफ्तार कर लाया गया था, तब वह नशे में लग रहा था। परिवार के सदस्यों ने भी उसे नशे का आदी बताया है। अहिरौली के एसएचओ परविंदर राय ने बताया कि सिकंदर परिवार द्वारा नशे की लत पर रोक-टोक से नाराज था, और इसी गुस्से में उसने यह वारदात की।

## संक्षिप्त समाचार

### अलेप्पो में संघर्ष के बाद कुर्द लड़ाकों को निकाला गया

**अलेप्पो , एजेंसी।** सीरिया के उत्तरी शहर अलेप्पो में कई दिनों से चल रही हिंसक झड़पों के बाद कुर्द लड़ाकों को एक विवादित इलाके से बाहर निकाल लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, यह कदम संघर्ष को खत्म करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक, बसों के जरिए शेख मकसूद इलाके से आखिरी कुर्द लड़ाकों को पूर्वोत्तर सीरिया भेजा गया, जो कुर्द नेतृत्व वाले बलों के नियंत्रण में है। कुर्द बलों के कमांडर मजलूम अब्दी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के जरिए युद्धविराम पर सहमति बनी और लड़ाकों, घायल लोगों व फंसे नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया। उन्होंने विस्थापित लोगों की सुरक्षित वापसी की भी मांग की। मौके पर मौजूद पत्रकारों के अनुसार, करीब 360 लड़ाकों को बसों से ले जाया गया, जबकि इससे पहले नागरिकों को भी सुरक्षित निकाला गया था।

### युद्धविराम के तीन महीने बाद भी गाजा में हिंसा, इस्राइली फायरिंग में तीन की मौत

**गाजा , एजेंसी।** गाजा पट्टी में इस्राइली फायरिंग की अलग-अलग घटनाओं में कम से कम तीन फलस्तीनी मारे गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक अक्तूबर में हुए युद्धविराम के बाद भी हिंसा पूरी तरह थमी नहीं है और तनाव बना हुआ है। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि गाजा सिटी के तुफ्फाह इलाके में, जो फलस्तीनी नियंत्रण में है, एक व्यक्ति की मौत हुई। वहीं दक्षिणी गाजा में खान यूनिस के पूर्व स्थित बनी सुहैला कस्बे में दो लोगों की जान गई, जहां अब भी इस्राइली मौजूदगी बताई गई है। इस्राइली सेना ने कहा कि उत्तरी गाजा पट्टी में उनके नियंत्रण वाले क्षेत्र में घुसने वाले एक आतंकी पर फायरिंग की गई, जो तत्काल खतरा पैदा कर रहा था। सेना के अनुसार, निशाना साधा गया। हालांकि, गाजा के दक्षिण में हुई घटना पर सेना की ओर से कोई टिप्पणी नहीं आई। अक्तूबर में हमास और इस्राइल के बीच युद्धविराम के बाद लड़ाई में कमी आई है, लेकिन घटनाएं पूरी तरह बंद नहीं हुईं। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर समझौते के उल्लंघन के आरोप लगाते रहे हैं। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, युद्धविराम के बाद से अब तक 440 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें अधिकांश नागरिक हैं।

### पाकिस्तान : गैस सिलेंडर ब्लास्ट में नवविवाहित जोड़े सहित 8 की मौत

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में रविवार तड़के हुए गैस सिलेंडर विस्फोट में एक नवविवाहित जोड़े सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हो गए। यह हादसा सेक्टर त्र-7/2 में एक घर में हुआ, जहां शादी का कार्यक्रम चल रहा था। विस्फोट इतना तेज था कि घर ढह गया और आसपास के चार मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। रेस्क्यू टीमों ने मलबे से 19 लोगों को बाहर निकाला, जिनमें कई को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में आपातकाल घोषित किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, शुरुआती जांच में गैस रिसाव के कारण सिलेंडर फटने की बात सामने आई है।

### रूस में ड्रोन हमले में महिला की मौत, तीन घायल

**वोरोनिश, एजेंसी।** रूस के वोरोनिश शहर में शनिवार को यूक्रेन के ड्रोन हमले में एक महिला की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को इसकी जानकारी दी। राज्यपाल अलेक्जेंडर गुसेव के अनुसार, हमला उस समय हुआ जब ड्रोन का मलबा एक घर पर गिरा। घायल तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साथ ही, इस हमले में 10 से अधिक अपार्टमेंट, निजी घर और एक हाई स्कूल क्षतिग्रस्त हुआ।

### पाकिस्तान में 11 आतंकवादियों को बनाया निशाना

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में 11 आतंकवादियों को मार गिराया है। एक अभियान में टीटीपी से जुड़े आतंकी मारे गए। इसके अलावा, कुर्रम जिले में पुलिस-सुरक्षाबलों ने संयुक्त रूप से एक अन्य अभियान में पांच आतंकवादी ढेर किए। वहीं, एक धार्मिक मदरसे के पास हुए भीषण धमाके में एक वरिष्ठ मौलवी की मौत हो गई।

### इंडोनेशिया ने मस्क के एआई चैटबॉट ग्रोक पर लगाया प्रतिबंध

जकार्ता, एजेंसी। इंडोनेशिया ने शनिवार को एलन मस्क के एआई चैटबॉट ग्रोक पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। इंडोनेशिया इस एआई टूल को ब्लॉक करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। सरकार ने यह कदम ग्रोक द्वारा तैयार की गई आपत्तिजनक और अश्लील सामग्री के जोखिम के कारण उठाया है।

# ट्रम्प बोले- ईरान 'रेड लाइन' पार कर रहा, अमेरिका के सामने कड़े विकल्प मौजूद

**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि सरकार विरोधी प्रदर्शनों को रोकने के लिए ईरान की कार्रवाई रेड लाइन पार कर रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका 'कड़े विकल्पों' पर विचार कर रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि ईरान में प्रदर्शनकारियों के साथ जो हो रहा है, उस पर अमेरिका की नजर है। जब उनसे पूछा गया कि क्या ईरान रेड लाइन पार कर चुका है, तो उन्होंने कहा, 'ऐसा लग रहा है कि वे ऐसा करने लगे हैं। ट्रम्प ने बताया कि ईरान ने अमेरिका से संपर्क कर बातचीत का प्रस्ताव रखा है। बैठक तय करने को लेकर बातचीत चल रही है। हालांकि, हालात को देखते हुए उन्हें पहले कार्रवाई करनी पड़ सकती है, क्योंकि मौतों की संख्या बढ़ती जा रही है और गिरफ्तारियां जारी हैं। ईरान में बीते दो हफ्तों से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। इनमें अब तक 538 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10,600 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। न्यूज एजेंसी क्ने प्रदर्शनकारियों के हवाले से बताया कि मरने वालों में 490 प्रदर्शनकारी और 48 सुरक्षाकर्मी हैं।

**ईरानी विदेश मंत्री बोले- प्रदर्शनकारियों ने पुलिसवालों को जिंदा जलाया :** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने और जिंदा जलाने का आरोप लगाया है। अराघची ने इसे इजराइली की खुफिया एजेंसी मोसाद की साजिश बताया। अराघची ने पुलिसवालों



पर हमले का वीडियो भी शेयर किया है।

**ईरान में भारतीयों की गिरफ्तारी की खबर झूठी :** ईरान में प्रदर्शनों के बीच भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी की खबरों को ईरान ने खारिज कर दिया है। भारत में ईरान के राजदूत ने साफ कहा कि सोशल मीडिया पर चल रही यह जानकारी पूरी तरह गलत है। राजदूत मोहम्मद फथाली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी कर कहा कि कुछ विदेशी अकाउंट्स द्वारा ईरान के हालात को लेकर फैलाई जा रही खबरें भ्रामक हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी भारतीय नागरिक की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**अमेरिका में भी ईरानियों का प्रदर्शन, भीड़ में ट्रक घुसा :** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान हंगामा हो गया। एक तेज रफ्तार ट्रक प्रदर्शनकारियों की भीड़ के बीच से निकल गया, जिससे लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने ट्रक ड्राइवर पर हमला करने की कोशिश की। घटना रविवार दोपहर वेस्टवुड इलाके की वेटरन एवेन्यू पर हुई, जहां सैकड़ों लोग ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के समर्थन में मार्च कर रहे थे। ट्रक के गुजरते ही कई प्रदर्शनकारी उसके पीछे दौड़े और ड्राइवर को रोकने की कोशिश की।

पुलिस के मुताबिक, ट्रक को कुछ ही ब्लॉक आगे जाकर रोका गया। तब तक ट्रक की खिड़की और साइड मिरर टूट चुके थे। प्रदर्शनकारी ड्राइवर पर मुक्के बरसाने और झंडों के डंडे ट्रक के अंदर घुसाने की कोशिश कर रहे थे।

**ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी :** प्रदर्शनों के बीच ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर उस पर हमला किया तो वह अमेरिकी सैनिकों और इजराइल को निशाना बनाएगा। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागर गालीबाफ ने रविवार को कहा कि अगर अमेरिका ने हमला किया तो इलाके में मौजूद सभी अमेरिकी मिलिट्री बेस, शिप्स और इजरायल हमारे टारगेट पर होंगे। यह बयान संसद के लाइव सत्र के दौरान दिया गया, जहां सांसद 'डेथ टू अमेरिका' के नारे लगा रहे थे। कालीबाफ ने ईरान की सुरक्षा एजेंसियों की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने हालात में मजबूती से काम किया है। प्रदर्शनकारियों को चेतावनी दी कि गिरफ्तार किए गए लोगों से सबसे सख्त तरीके से निपटा जाएगा और उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी।

**ट्रम्प को ईरान पर हमले का प्लान बताया गया :** ईरान में जारी प्रदर्शन के बीच अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान पर संभावित सैन्य हमलों के विकल्पों की ब्रीफिंग दी। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर ईरान सरकार प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई करती है तो ट्रम्प सैन्य कदम उठाने पर गंभीरता से विचार कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति ने अभी अंतिम फैसला नहीं लिया है। ट्रम्प ने शनिवार को सोशल मीडिया पर लिखा, 'ईरान आजादी की ओर देख रहा है, जो पहले कभी नहीं हुआ। अमेरिका मदद के लिए तैयार है।' वहीं, ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बागर गालीबाफ ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर अमेरिका या इजराइल ने ईरान पर हमला किया तो दोनों को सख्ती से जवाब देंगे। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने रविवार को कहा कि अमेरिका और इजराइल ईरान में दंगे भड़काकर अराजकता और अव्यवस्था फैलाना चाहते हैं। उन्होंने ईरानियों से दंगाइयों और आतंकवादियों से दूर रहने को कहा। पजशकियान का कहना है कि अधिकारी प्रदर्शनकारियों की बात सुनेंगे। लेकिन दंगाइयों की नहीं, जो पूरे समाज को तबाह करने की कोशिश कर रहे हैं। पजशकियान ने कहा, 'हम लोगों की समस्या का समाधान करेंगे, लेकिन दंगाइयों को पूरे समाज को खत्म करने की इजाजत नहीं दे सकते।

# तीन हफ्तों में दूसरी बार न्यूजीलैंड के टौरंगा में सिख नगर कीर्तन का विरोध

**टौरंगा, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के टौरंगा शहर में रविवार को सिख समुदाय के वार्षिक नगर कीर्तन के रास्ते में स्थानीय राइट-विंग धार्मिक समूह के लोगों ने फिर से दखल दिया। यह तीन हफ्तों में दूसरी बार है जब इस तरह का विरोध देखा गया है। नगर कीर्तन सुबह 11 बजे गुरुद्वारा सिख संगत मंदिर से शुरू हुआ और कैमरन रोड से टौरंगा बॉयज कॉलेज की ओर बढ़ा। पुलिस ने पहले से सुरक्षा बढ़ा रखी थी क्योंकि पिछले कुछ समय में इसी तरह की घटनाएं हो चुकी हैं।

बता दें कि प्रदर्शन करने वाले समूह जो पेंटेकोस्टल नेता ब्रायन तमाकी के डेस्टिनी चर्च से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस समूह के लोगों ने कीर्तन के सामने मैओरी हाका नामक पारंपरिक नृत्य प्रदर्शन किया और यह न्यूजीलैंड है, भारत नहीं, जैसे नारों वाले बैनर दिखाए। हालांकि कोई बड़ी हिंसा नहीं हुई और पुलिस तथा कीर्तन के स्वयंसेवकों की संयुक्त मदद से यह कार्यक्रम शांति से पूरा हो गया।

**तमाकी ने सोशल मीडिया पर भी किया पोस्ट :** इस विरोध प्रदर्शन को लेकर तमाकी ने सोशल मीडिया पर खुद एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने इस प्रदर्शन को शांति पूर्ण बताया। साथ ही वीडियो के कैप्सन में लिखा कि किसकी सड़के? कीवी की सड़के ! हालांकि दूसरी ओर शिरोमणि गुरुद्वारा परबंधक समिति (एसजीपीसी) ने इस विरोध की कड़ी निंदा की है।

एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिन्दर सिंह धामी ने कहा कि नगर कीर्तन सिख धर्म का पवित्र और शांतिपूर्ण प्रतीक है, और इसे रोकने की कोशिश धार्मिक आजादी तथा सामाजिक सद्भाव को चुनौती देना है। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय हमेशा स्थानीय कानून और संस्कृति का सम्मान करता रहा है, लेकिन ऐसे व्यवस्थित विरोध ने समुदाय को गहरा दुख पहुंचाया है।

**न्यूजीलैंड और भारत सरकार से कार्रवाई की अपील :** एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिन्दर सिंह धामी ने इस विरोध प्रदर्शन को लेकर न्यूजीलैंड तथा भारत सरकार से सख्त कदम उठाने की अपील की है। गौतरलब है कि यह दूसरी बार है जब नगर कीर्तन का विरोध हुआ है। इससे पहले लगभग तीन हफ्ते पहले भी ऑकलैंड में एक नगर कीर्तन को इसी समूह के विरोध का सामना करना पड़ा था, जिससे स्थानीय सिख समुदाय में तनाव बढ़ गया था और पंजाब के मुख्यमंत्री व एसजीपीसी समेत कई धार्मिक व राजनीतिक नेताओं ने उस घटना की भी निंदा की थी।

# मार्को रुबियो बनेंगे 'क्यूबा के राष्ट्रपति'?

## ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा- यह सुनने में अच्छा लग रहा है...

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और क्यूबा के रिश्तों में एक बार फिर तीखापन नजर आ रहा है। लैटिन अमेरिका में बदलते समीकरणों के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। ट्रंप ने जहां क्यूबा को अमेरिका के साथ डील करने की खुली चेतावनी दी, वहीं विदेश मंत्री मार्को रुबियो को क्यूबा का राष्ट्रपति बनाने के सुझाव पर सहमति जताकर सियासी हलचल बढ़ा दी। ट्रंप ने कहा कि अगर अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो 'क्यूबा के राष्ट्रपति' बनते हैं तो यह विचार उन्हें अच्छा लगता है। साथ ही उन्होंने क्यूबा को चेतावनी दी कि बहुत देर होने से पहले अमेरिका के साथ समझौता कर ले।

**सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा यह मामला :** ट्रंप ने यह टिप्पणी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट साझा करते हुए की। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा था, 'मार्को रुबियो क्यूबा के राष्ट्रपति होंगे'। ट्रंप ने इसे शेयर करते हुए लिखा, 'यह सुनने में अच्छा लग रहा है। हालांकि अपने बड़बोलेपन के लिए प्रसिद्ध आए दिन कई ऐसे दावे सोशल मीडिया पर करते रहते हैं।

**अमेरिका की क्यूबा को चेतावनी- समझौता करो वरना तेल के पैसे बंद :** इसके साथ ही ट्रंप ने रविवार को क्यूबा को कड़ा संदेश भेजा है कि अगर वह संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ समझौता नहीं करता, तो अब वेनेजुएला से तेल और आर्थिक मदद बंद कर दी जाएगी। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा कि वेनेजुएला ने वर्षों तक क्यूबा को तेल और पैसा देकर सहारा दिया, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि कोई तेल या पैसा क्यूबा को नहीं मिलेगा, शून्य और कहा कि क्यूबा को समझौता करना चाहिए, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए। ट्रंप ने आरोप लगाया कि क्यूबा ने वेनेजुएला को सुरक्षा सेवाएं दी थीं, लेकिन अब वेनेजेला को संरक्षण के लिए अमेरिका की मदद की जरूरत है। इससे पहले अमेरिका ने वेनेजुएला में अपने कदम बढ़ाए हैं और वहां के तेल संसाधनों पर नियंत्रण की कोशिश की है। गौरतलब है कि क्यूबा लंबे समय से वेनेजुएला के तेल पर निर्भर रहा है।

# 'किसी भी तरह से ग्रीनलैंड को हासिल करेंगे', ट्रंप की फिर दो टूक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड को लेकर अपनी मंशा जगजाहिर कर चुके हैं। वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद ट्रंप लगातार ग्रीनलैंड को लेकर धमकी भरे लहजे में बयानबाजी कर रहे हैं। इस बीच एक बार फिर ट्रंप ने साफ शब्दों में कहा कि वह ऐसा होने नहीं देंगे और 'किसी भी तरह' ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा बनेगा। ट्रंप ने दो टूक बयान देते हुए कहा कि हम ग्रीनलैंड को किसी भी कीमत पर हासिल करेंगे। साथ ही उन्होंने नाटो को भी निशाने पर लिया है।

**अब ग्रीनलैंड पर क्या बोले राष्ट्रपति ट्रंप :** डोनाल्ड ट्रंप ने अब कहा कि अगर हम ग्रीनलैंड नहीं लेते हैं, तो रूस या चीन ग्रीनलैंड ले लेंगे। और मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। मुझे उनके (ग्रीनलैंड के साथ) एक डील करना पसंद आएगा। यह आसान है। लेकिन किसी भी तरह से, हम ग्रीनलैंड लेने वाले हैं।

ट्रंप के इस बयान ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में



हलचल पैदा कर दी है। ग्रीनलैंड रणनीतिक रूप से बेहद अहम क्षेत्र माना जाता है, जहां प्राकृतिक संसाधनों के साथ-साथ आर्कटिक क्षेत्र में सैन्य और भू-राजनीतिक संतुलन भी जुड़ा हुआ है। इसी के साथ ट्रंप ने नाटो को लेकर भी अपनी सख्त प्रतिक्रिया दी।

नाटो पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि नाटो को बचाने वाले वही हैं। उन्होंने कहा कि मैंने सदस्य देशों को उनके रक्षा बजट पर खर्च करने के लिए मजबूर किया। पहले वे जीडीपी का सिर्फ 2 प्रतिशत भी नहीं देते थे, अब वे 5 प्रतिशत तक भुगतान कर रहे हैं। अगर मैं राष्ट्रपति नहीं होता, तो शायद आज नाटो ही नहीं होता।' ट्रंप ने यह भी सवाल उठाया कि जरूरत पड़ने पर क्या नाटो देश अमेरिका के साथ खड़े होंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने नाटो पर अरबों डॉलर खर्च किए हैं, लेकिन बदले में भरोसे की कोई गारंटी नहीं है। साथ ही उन्होंने यह संकेत भी दिया कि अगर अमेरिका नाटो से बाहर निकलता है, तो इससे नाटो को आर्थिक नुकसान होगा।

**नाटो को भी दिखाया ट्रंप ने आईना :** डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'मैंने ही उन्हें जीडीपी का 5.5% हिस्सा देने के लिए राजी किया। पहले यह 2 फीसदी था, और वे नहीं देते थे। अब वे 5 प्रतिशत दे रहे हैं। नाटो को बचाने वाला मैं ही हूं। अगर मैं राष्ट्रपति नहीं होता तो नाटो होता ही नहीं। हो सकता है नाटो नाराज हो जाए अगर मैं ऐसा करूं (अगर मैं अमेरिका को नाटो से बाहर निकाल लूं)। हो सकता है नाटो से बहुत सारा पैसा बच जाए। मुझे नाटो पसंद है। मैं बस सोचता हूं कि अगर हमें नाटो की जरूरत पड़ी, तो क्या वे हमारे लिए मौजूद रहेंगे? मुझे यकीन नहीं है कि वे होंगे। हमने नाटो पर बहुत पैसा खर्च किया है।'

# वेनेजुएला पर डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान: खुद को कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई कर और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर पूरी दुनिया में भूचाल ला गया था। वहीं अब वेनेजुएला से जुड़ा एक पोस्ट कर नई सनसनी फैला दी है। अपने ट्रूथ सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट कर ट्रंप ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया है, उन्होंने इससे जुड़ी एक तस्वीर भी साझा की है।

**खुद को 'वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति' बताया :** डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने खुद को 'वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति' बताया है। ट्रुथ सोशल पर साझा की गई इस पोस्ट में वेनेजुएला में हाल के घटनाक्रमों के बाद ट्रंप को कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में दर्शाने वाली एक डिजिटल रूप से संपादित तस्वीर दिखाई गई है। यह तस्वीर ऐसे वक्त पर साझा की गई है, जब ट्रंप लगातार वेनेजुएला के तेल भंडार को लेकर तेल कंपनियों के साथ बैठक कर रहे हैं और लगातार ईरान-ग्रीनलैंड पर धमकी भरे लहजे में बयानबाजी कर रहे हैं।

**अमेरिका का वेनेजुएला पर शासन! :** विकिपीडिया की संपादित तस्वीर में डोनाल्ड ट्रंप को जनवरी 2026 तक वेनेजुएला के वर्तमान राष्ट्रपति के रूप में दर्शाया गया। बता दें कि वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद ट्रंप ने यह भी दावा किया कि है जब तक सुरक्षित, उचित और विवेकपूर्ण सत्ता हस्तांतरण सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक अमेरिका वेनेजुएला सरकार का 'संचालन' करेगा।

**तेल कंपनियों को ट्रंप की दो टूक :** बीते दिनों डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दुनिया की दिग्गज तेल-गैस कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी, जहां उन्होंने साफ कर दिया कि वेनेजुएला में निवेश अब सीधे अमेरिका के साथ होगा, ना कि वेनेजुएला सरकार के साथ। ट्रंप ने सुरक्षा की गारंटी देते हुए तेल उद्योग को बड़े निवेश के लिए खुला न्योता दिया। ट्रंप ने ये भी कहा कि अगर अमेरिका ने समय रहते कार्रवाई नहीं की होती, तो चीन या रूस वेनेजुएला में अपनी मजबूत मौजूदगी बना चुके होते।

**अमेरिका वेनेजुएला में क्या करना चाहता है :** अमेरिका चाहता है कि उसकी तेल कंपनियां वेनेजुएला में निवेश करें। तेल उत्पादन और बुनियादी ढांचे को दोबारा खड़ा किया जाए। वेनेजुएला के तेल की वैश्विक बिक्री पर अमेरिका की पकड़ बनी रहे। ट्रंप प्रशासन इसे आर्थिक पुनर्निर्माण का रास्ता बता रहा है।

# नेपाल में चुनाव से पहले फिर राजा की वापसी की मांग क्यों?




**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में आम चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल एक बार फिर गर्म हो गया है। राजधानी काठमांडो में रविवार को राजशाही समर्थकों ने रैली निकालकर राजा की बहाली की मांग की। यह रैली जेन-जी आंदोलन के बाद अपदस्थ राजा ज्ञानेंद्र विक्रम शाही के समर्थकों की पहली बड़ी सार्वजनिक मौजूदगी मानी जा रही है। मार्च में होने वाले संसदीय चुनावों से पहले इस प्रदर्शन ने नई बहस छेड़ दी है। राजशाही समर्थकों का कहना है कि जेन-जी आंदोलन और उसके बाद बने हालात ने देश को अस्थिर कर दिया है। सितंबर में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद अंतरिम सरकार बनी और अब मार्च में चुनाव प्रस्तावित हैं। इसी बीच राजशाही समर्थक सड़कों पर उतरे और दावा किया कि मौजूदा व्यवस्था देश को स्थिरता नहीं दे पा रही है। प्रदर्शन में क्या नारे लगे? रैली में शामिल लोग हम अपने राजा से प्यार करते हैं और राजा को वापस लाओ जैसे नारे लगाते दिखे। प्रदर्शनकारी 18वीं सदी में शाह वंश की नींव रखने वाले पृथ्वी नारायण शाह की मूर्ति के आसपास एकत्र हुए। रविवार को पृथ्वी नारायण शाह की जयंती भी थी, जिसे रैली के लिए प्रतीकात्मक दिन माना गया। राजशाही समर्थक क्या दलील दे रहे हैं? प्रदर्शनकारियों का कहना है कि राजशाही ही देश के लिए आखिरी विकल्प है। जेन-जी आंदोलन के बाद हालात संभालने में सरकार नाकाम रही है। राजनीतिक अस्थिरता और अव्यवस्था बढ़ी है। राजा की वापसी से देश में एकता आएगी। गणतंत्र व्यवस्था से लोगों का भरोसा कमजोर हुआ है। भारत पहुंचे जर्मनी के चांसलरः पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात, 52 हजार करोड़ के पनडुब्बी सौदे पर लग सकती है मुहर पिछला अनुभव और सुरक्षा इंतजाम कैसे रहे? पिछले वर्षों में ऐसी रैलियों के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुई थीं और हिंसा भी देखी गई थी। इस बार हालांकि रैली शांतिपूर्ण रही। इसके बावजूद दंगा रोधी पुलिस को तैनात रखा गया और पूरे कार्यक्रम पर कड़ी नजर रखी गई। प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सतर्क दिखा। नेपाल में राजशाही कब खत्म हुई? नेपाल में 2008 में राजशाही खत्म कर देश को गणतंत्र घोषित किया गया था। अंतिम शाह राजा ज्ञानेंद्र को गद्दी छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। अब एक बार फिर राजशाही की मांग उठने से चुनावी राजनीति पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। जानकारों का मानना है कि आने वाले चुनावों में यह मुद्दा बड़ा राजनीतिक हथियार बन सकता है।

# 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करे ईरान सरकार'; यूएन महासचिव गुटेरेस की सख्त अपील

**जिनेवा, एजेंसी।** ईरान में लगातार बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ईरानी सरकार से सख्त लेकिन संवेदनशील अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार को हालात संभालते समय अधिकतम संयम बरतना चाहिए और जनता के अभिव्यक्ति, संगठन और शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकारों का पूरी तरह सम्मान करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब बीते 15 दिनों में ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 420 लोगों की मौत की खबरें सामने आई हैं। इनमें आठ मासूम बच्चे भी शामिल हैं। यह जानकारी मानवाधिकार कार्यकर्ता इन ईरान (एचआरए) ने दी है, जिसे अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भी रिपोर्ट किया है।

**अनावश्यक बल प्रयोग से बचें- गुटेरेस :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए अपने बयान में गुटेरेस ने कहा कि वे ईरान में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा और अत्यधिक बल प्रयोग की खबरों से स्तब्ध हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अनावश्यक या असमानुपातिक बल का इस्तेमाल किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि ईरान में सूचना तक पहुंच बहाल की जाए, खासकर संचार सेवाओं को फिर से शुरू किया जाए ताकि लोग सच्चाई तक पहुंच सकें।

**इजरायल का समर्थन, नेतन्याहू का बयान :** इस बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी ईरान की स्थिति पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस्राइल ईरान में हो रहे घटनाक्रम पर करीबी नजर बनाए हुए है और ईरानी नागरिकों की बहादुरी को पूरा विश्व देख रहा है।

**कैसे शुरू हुए प्रदर्शन :** गौरतलब है कि ये विरोध प्रदर्शन 28 दिसंबर को बढ़ती महंगाई और आर्थिक संकट के खिलाफ शुरू हुए थे, लेकिन जल्द ही ये देशव्यापी आंदोलन में बदल गए। कई शहरों में झड़पें,



गिरफ्तारियां और सख्त सरकारी कार्रवाई देखने को मिली। मानवाधिकार संगठनों ने लगातार मौतों की संख्या और प्रदर्शनकारियों के साथ किए जा रहे व्यवहार पर चिंता जताई है। वहीं, ईरानी सरकार का कहना है कि यह सब विदेशी हस्तक्षेप और दंगाइयों की वजह से हो रहा है।

**सख्त कार्रवाई की चेतावनी :** ईरान के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने चेतावनी दी है कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई में कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। उनके अनुसार, सभी आरोपियों के खिलाफ एक जैसे आरोप होंगे और सख्त सजा दी जाएगी।

**मशहूर रॉकस्टार बॉब वियर का 78 की उम्र में निधन : वाशिंगटन, एजेंसी।** मशहूर रॉकस्टार और अमेरिकी रॉक बैंड द ग्रेटफुल डेड के सह-संस्थापक, गायक बॉब वियर का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके परिवार ने सोशल मीडिया पर बताया कि वियर लंबे समय से कैंसर और फेफड़ों की समस्याओं से जूझ रहे थे। वह अपने अंतिम क्षण में अपनों के बीच थे। छह दशकों के अपने संगीत सफर में वियर ने अमेरिकी संगीत को एक नई पहचान दी।

**इक्वाडोर के एक बीच पर इंसानी सिर लटके मिले : क्विटो , एजेंसी।** पुलिस ने रविवार को बताया कि दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर के एक बीच पर रस्सियों से पांच इंसानी सिर लटके मिले, क्योंकि देश ड्रग तस्करी से जुड़ी हिंसा की लहर से जूझ रहा है। इक्वाडोर के मीडिया आउटलेट्स द्वारा पब्लिश की गई तस्वीरों में खूनी मंजर दिख रहा था। सिरों के पास प्यूर्टो लोपेज़ के छोटे मछली पकड़ने वाले बंदरगाह में मछुआरों से कथित तौर पर जबरन वसूली करने वालों के लिए एक चेतावनी का साइन लगा था। रस्सियां बीच पर लकड़ी के खंभों से बंधी थीं। एक पुलिस रिपोर्ट में इस घटना का कारण आपराधिक गिरोहों के बीच संघर्ष बताया गया है। अधिकारियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय कार्टेल से जुड़े ड्रग तस्करी नेटवर्क इस इलाके में एक्टिव हैं और उन्होंने अपनी गैर-कानूनी गतिविधियों के लिए मछुआरों और उनकी छोटी नावों का इस्तेमाल किया है। इलाके और ड्रग तस्करी के रास्तों पर कंट्रोल के लिए विवाद ने मनाबी प्रांत में हिंसक घटनाओं को जन्म दिया है, जहां प्यूर्टो लोपेज स्थित है।

# दूसरे एकदिवसीय को भी जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने उतरेगी भारतीय टीम

**राजकोट (एजेंसी)।** पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मैच में जीत से उत्साहित भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां के निरंजन शाह स्टेडियम में मेहमान टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में भी जीत का सिलसिला बरकारार रखने उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले एकदिवसीय में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 301 रनों का भी लक्ष्य हासिल कर लिया था जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज लय में हैं जिसका भी लाभ उसे मिलेगा। पहले एकदिवसीय में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने 93 रनों की शानदार पारी खेली थी। वहीं केएल राहुल ने भी मैच फिनिशर की जिम्मेदारी निभाई। ऑलराउंडर हर्षित राणा ने गेंद और बल्ले दोनो से ही अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह से निभाई थी। भारतीय टीम इस सीरीज में 1-0 से आगे हैं। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम न्यूजीलैंड ने भी पहले एकदिवसीय में अच्छी गेंदबाजी और बल्लेबाजी की थी हालांकि वह मैच नहीं जीत पायी थी। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में किसी भी हाल में जीत दर्ज कर सीरीज में वापसी करना रहेगा।

पहले एकदिवसीय में कीवी टीम बीच के ओवरों में दबाव बनाने में सफल रही थी हालांकि राहुल ने धैर्य से बल्लेबाजी करते हुए 21 गेंदों पर नाबाद 29 रन बनाकर भारतीय टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया था। राजकोट की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों की सहायक मानी जाती है, ऐसे में यहां बड़ा स्कोर बनना तय है। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद अहम है. भारत जहां जीत के साथ 2-0 की अजेय बढ़त लेना चाहेगा, वहीं न्यूजीलैंड की टीम जीत कर सीरीज में बने रहना चाहेगी। भारतीय टीम को इस मैच में वाशिंगटन सुंदर के बिना ही उतरना पड़ेगा क्योंकि वह चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर है। ऐसे में इस मैच उनकी जगह शामिल आयुष बाडोनी को शामिल किया जा सकता है। अगर आयुष को जगह मिलती है तो अपना एकदिवसीय डेब्यू करेंगे।

**दोनो ही टीमों की भारत की संभावित प्लेइंग 11**

रोहित शर्मा, शुभमन गिल (कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आयुष बाडोनी और प्रसिद्ध कृष्णा।

**न्यूजीलैंड की संभावित प्लेइंग 11**

माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), डेवन कॉन्वे, हेनरी निकल्स, विल यंग, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल हे (विकेटकीपर), ज़ाकरी फाउल्क्स, क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जैमिसन और आदित्य अशोक।




# एलिसा हीली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की




**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिया हीली ने खेल से संन्यास की घोषणा कर दी है। 35 साल की हीली ने कहा कि वह भारत के साथ होनेवाली सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगी। हीली पिछले 15 साल से ज्यादा समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सक्रिय हैं। टीम की कप्तानी करते हुए हीली ने छह टी-20 और तीन एकदिवसीय विश्वकप में अपनी टीम को जीत दिलायी है। हीली के पति ऑस्ट्रेलियाई पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क हैं।

हीली ने कहा, 'आगामी भारत दौरा ऑस्ट्रेलिया के लिए मेरी आखिरी सीरीज होगी, यह कहते हुए मुझे हालांकि मिलाजुला अहसास हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से की मेरी इच्छा अभी भी बनी हुई है पर प्रतिस्पर्धा की वह भावना जो मुझे शुरुआत से प्रेरित करती रही है, अब कम हो गयी है। इससके साथ ही मानसिक थकान का भी अहसास हो रहा है। मुझे लगता है कि अब संन्यास लेने का सही समय आ गया है। मुझे संन्यास के बाद अपने साथियों की, टीम गीत गाने की और ऑस्ट्रेलिया के लिए बल्लेबाजी की शुरुआत करने की बहुत याद आएगी।

हीली ने साल 2010 में ऑस्ट्रेलिया की ओर से डेब्यू करते हुए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सात शतकों लगाकर 3563 रन जबकि टी-20 में एक शतक के साथ ही 3054 रन बनाए थे। इसके अलावा उन्होंने विकेटकीपर रहते हुए 275 शिकार भी किये हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा कि हीली क्रिकेट की सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने अपने 15 साल के करियर में मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह अपनी भूमिका काफी अच्छे से निभायी। हीली ने महिला क्रिकेट में अपनी अलग ही जगह बनायी। इस क्रिकेटर ने पहले ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। अब फरवरी और मार्च में भारत के खिलाफ होने वाली तीन एकदिवसीय और एक टेस्ट मैच की सीरीज में वह अंतिम बार नजर आयेंगी।

# आईसीसी ने बांग्लादेश की विश्वकप मैचों के आयोजन स्थल बदलने की मांग ठुकरायी

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से साफ कह दिया है कि उसके टी20 विश्वकप मैच किसी अन्य देश में नहीं रखे जाएंगे। आईसीसी ने बीसीबी के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि उसके खिलाड़ियों की सुरक्षा को भारत में खतरा है। वहीं इससे पहले बीसीबी ने आईसीसी से कहा था कि भारत में उसके खिलाड़ियों की सुरक्षा को खतरा है, इसलिए उसके मैच श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिये जाएं। इससे साथ ही ये भी धमकी दी कि ऐसा नहीं होने पर वह मैचों का बायकाट कर सकता है।

वहीं आईसीसी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विशेषज्ञों द्वारा की गई स्वतंत्र सुरक्षा जांच में भारत में खेलने पर बांग्लादेश टीम के लिए किसी प्रकार का खतरा नहीं पाया गया। इन जांचों में कोलकाता और मुंबई में बांग्लादेश टीम, अधिकारियों या मैच स्थलों के लिए कोई विशेष खतरा नहीं पाया गया। आईसीसी ने यह भी कहा कि कई बार आकस्मिक योजना बनायी जाती है पर उसे कभी जोखिम नहीं माना जा सकता है। ये पेशेवर जांच का हिस्सा होती है पर इसे कई बार गलत समझा जाता है। ये किसी प्रकार के वास्तविक खतरे को नहीं दिखाती है। वहीं बांग्लादेश के राष्ट्रीय खेल सलाहकार, आसिफ नजरुल ने दावा किया था कि आईसीसी ने 2026 टी20 विश्व कप से पहले देश को संभावित सुरक्षा जोखिमों के बारे में आगाह किया था। नजरुल ने कहा कि आईसीसी की सुरक्षा टीम ने गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम में शामिल करने को संभावित खतरे के रूप में बताया था। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में सार्वजनिक रूप से बांग्लादेशी प्रशंसकों द्वारा अपनी राष्ट्रीय जर्सी पहनने और देश में चुनाव के समय को लेकर चिंता जताई गई थी। आईसीसी की ओर से कहा गया कि उसने कभी भी यह सुझाव नहीं दिया कि टीमों को सुरक्षा कारणों से खिलाड़ियों का चयन या बहिष्कार करना चाहिए या समर्थकों को राष्ट्रीय रंग पहनने से बचना चाहिए, या टूर्नामेंट के लिए चुनाव या अन्य घरेलू प्रक्रियाओं में बदलाव करना चाहिए।

# राहुल बन सकते हैं बेहतर फिनिशर: आकाश चोपड़ा



**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने बल्लेबाज केएल राहुल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि जिस प्रकार से वह खेल रहे हैं उससे पता चलता है कि उनमें जबरदस्त फिनिशर बनने की क्षमताएं हैं। चोपड़ा के अनुसार राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय में नाबाद 29 रन ही बनाये पर एक छोर थामे रखा। वहीं जब टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार विकेट गिरने से दबाव में थी तब अच्छी साझेदारी बनाकर उसे उबारा। राहुल ने ऑलराउंडर हर्षित राणा के साथ 37 रनों की साझेदारी की जिसमें ऑलराउंडर ने ज्यादातर रन बनाए जबकि राहुल ने यह सुनिश्चित किया कि न्यूजीलैंड को उनका विकेट न मिले क्योंकि इससे विपक्षी टीम को भारतीय निचले क्रम तक पहुंचने का अवसर मिल जाता। राणा के विकेट के बाद राहुल ने वाशिंगटन सुंदर के साथ 27 रनों की साझेदारी की

राहुल ने 49वें ओवर तक संयम रखते हुए बड़े शॉट नहीं खेले। जब भारत को आखिरी 12 गेंदों में 12 रनों की जरूरत थी, तो राहुल ने तेजी दिखाई और लगातार चौके लगाए और फिर आखिरी ओवर की आखिरी तीन गेंदों में एक छक्का लगाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। चोपड़ा राहुल की इसी शांत और समझदारी भरी पारी से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि राहुल में बहुमुखी प्रतिभा है। वह लक्ष्य का पीछा करने के दौरान दबाव के बीच भी शांत बने रहे और उन्होंने धैर्य बनाये रखा। चोपड़ा ने कहा, न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय में केएल राहुल का बल्लेबाजी का तरीका अलग ही था। हम उन्हें एक आक्रामक खिलाड़ी के तौर पर देखते आये हैं। कई बार आपको लगता है कि वह तेजी से रन बनाएंगे और बड़े शॉट लगाकर मैच जल्दी समाप्त करने का प्रयास करेंगे पर ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा, वह उन गेंदों पर एक रन बना रहे थे जिन पर वह आमतौर पर शॉट मारते हैं, लेकिन उन्होंने सही अवसरों का इंतजार किया। एक एक ऐसे बल्लेबाज हैं जो पारी शुरु कर सकते हैं। मध्यक्रम में उतर सकते हैं और जरुरत पड़ने पर विकेट कीपिंग भी कर सकते हैं।

# वीनस विलियम्स होबार्ट में पहले दौर में बाहर

होबार्ट (ऑस्ट्रेलिया)। वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन को शुरू होने में अब जबकि एक सप्ताह से भी कम समय बचा है तब 45 वर्षीय वीनस विलियम्स फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रही है। वीनस मंगलवार को यहा होबार्ट इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में तात्याना मारिया से 6-4, 6-3 से हार गईं। वीनस को साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए वाइल्डकार्ड से प्रवेश दिया गया है। उन्हें होबार्ट में खेलने के लिए भी वाइल्डकार्ड मिला था, जहां वह लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में छठी वरीयता प्राप्त मारिया से हार गईं। विश्व रैंकिंग में 576वें स्थान पर काबिज सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थीं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन रविवार से शुरू होगा। होबार्ट में पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेज्सिकोवा को पेटन स्टर्न्स से 6-4, 1-6, 7-6 (4) से हार का सामना करना पड़ा।



# अंडर19 विश्वकप में वैभव तोड़ सकते हैं कई रिकार्ड

मुम्बई। उभरते हुए क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की नजरें अब 15 जनवरी से शुरु हो रहे अंडर-19 विश्वकप क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन पर रहेंगी। वैभव ने हाल ही में दक्षिण अफीका में हुए यूएथ एकदिवसीय टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था और वह ये सिलसिला आगे भी बनाये रखना चाहेंगे। विश्वकप में भारतीय टीम को अपना पहला मुकाबला अमेरिकी टीम से खेलना है। वैभव ने अब तक जिस प्रकार से बल्लेबाजी कर नये रिकार्ड बनाये हैं। उससे तय है कि वह एकदिवसीय विश्वकप में भी इतिहास रच सकते हैं। विश्वप में तय है कि कई रिकार्ड वह तोड़ देंगे। वैभव अपनी बल्लेबाजी में बड़े शॉट लगाने के लिए जाने जाते हैं। उनके अधिकतर रन चौकों और छक्कों से आते हैं। अंडर-19 विश्व कप के एक सत्र में सबसे ज्यादा 22 छक्कों का रिकॉर्ड। अभी दक्षिण अफ्रीक के डेवाल्ड ब्रेविस के नाम है जो वैभव इस बार तोड़ सकते हैं। वहीं अंडर-19 वर्ल्ड कप इतिहास में सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट का रिकॉर्ड अभी भारत के ही पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन के नाम है, जिन्होंने 2004 में 93.51 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी की थी। इस बार वैभव इसे भी तोड़ देंगे क्योंकि वह 150 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन सरफराज खान ने साल 2014 से 2016 के बीच 566 रन बनाए थे। वैभव जिस प्रकार से खेलते है उससे ये रिकार्ड भी टूट सकता है। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड अभी जैक बर्नहैम और शिखर धवन के नाम संयुक्त रुप से है, दोनों ने ही तीन-तीन शतक लगाए हैं। वैभव अधिक से अधिक शतक लगाकर इसे भी तोड़ना चाहेंगे।




# आइस हॉकी लीग की सीजन 3 के साथ लद्दाख में वापसी, तारीखों का हुआ ऐलान

**लेह (लद्दाख) (एजेंसी)।** रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 3, 29 जनवरी से 14 फरवरी 2026 तक लद्दाख में आयोजित की जाएगी। रॉयल एनफील्ड सोशल मिशन द्वारा, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन और आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ लद्दाख के सहयोग से आयोजित इस सीजन में लीग के विस्तार की एक अहम झलक देखने को मिलेगी।



इस बार पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यापक राउंड-रॉबिन फॉर्मेट अपनाया गया है, जिसमें प्रत्येक टीम कुल 75 मुकाबलों में एक-दूसरे से भिड़ेगी। यह लीग एक समग्र तकनीकी विकास कार्यक्रम का प्रतिस्पर्धात्मक चरण है, जिसकी शुरुआत दिसंबर 2025 में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक डैरिल ईसन के नेतृत्व में आइस हॉकी कोचों के प्रशिक्षण से हुई थी। इसके बाद प्रशिक्षित कोच अपने-अपने समुदायों में लौटकर प्रतिभाओं की पहचान करने और लीग में भागीदारी के लिए टीमों को व्यवस्थित रूप से प्रशिक्षित कर रहे हैं।

इस प्रकार, यह लीग सामुदायिक स्तर पर प्रशिक्षण और संगठित, उच्च गुणवत्ता वाली प्रतिस्पर्धा के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करती है। आइशर ग्रुप फाउंडेशन की कार्यकारी निदेशक बिदिशा डे ने कहा,%रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग की जड़ें सामुदायिक विकास में हैं। हमारा फोकस स्थानीय आजीविका को सशक्त बनाने, युवाओं और महिलाओं को अवसर देने और हिमालयी क्षेत्रों से उभरती प्रतिभाओं के लिए एक स्पष्ट मार्ग तैयार करने पर रहा है।


यह लीग संस्कृति और गर्व का उत्सव भी है, जहां खेल लंबे शीतकाल के दौरान समुदायों को एकजुट करता है और साझा पहचान तथा दृढ़ता की भावना को मजबूत करता है।% लेह में आयोजित यह टूर्नामेंट स्थानीय प्रतिभाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है, जो खेल को नए क्षेत्रों तक विस्तार देता है और दूरदराज के हिमालयी समुदायों के खिलाड़ियों को संरचित लीग फॉर्मेट तथा पेशेवर रूप से प्रबंधित प्रतियोगिताओं का अनुभव प्रदान करता है। 2026 संस्करण में भाग लेने वाली टीमें लेह, नुब्रा, कारगिल, ज़ांस्कर, चांगथांग और आसपास के क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगी।

इस सीजन में खारू से दो नई टीमें- खारू ईगल्स (महिला) और खारू फाल्कन्स (पुरुष)-भी लीग में शामिल होंगी। लद्दाख में आइस हॉकी के विकास के लिए तैयार ब्लूप्रिंट के अनुरूप, यह लीग खेल के इकोसिस्टम को दीर्घकालिक रूप से मजबूत करने में केंद्रीय भूमिका निभाती है- जिसमें जमीनी स्तर की भागीदारी को प्रतिस्पर्धात्मक अवसरों से जोड़ा जाता है। लीग में भाग लेने वाले खिलाड़ी गांव और क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविरों से चुने जाते हैं, जिन्हें रॉयल एनफील्ड समर्थित क्षमता निर्माण पहलों के तहत प्रशिक्षित कोचों और अधिकारियों का मार्गदर्शन मिलता है।

खेल के इकोसिस्टम को और सशक्त बनाते हुए दिसंबर 2025 में पहली बार एक समर्पित रेफरी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व इंटरनेशनल आइस हॉकी फेडरेशन के ऑफिशिएटिंग इंस्ट्रक्टर पीटर गेबी ने किया। इस पहल का उद्देश्य मैच संचालन के मानकों को ऊंचा उठाना, लीग के लिए पेशेवर गेम डिलीवरी सुनिश्चित करना और भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षित रेफरी तैयार करना है। खेल से परे, रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग लद्दाख में सामुदायिक जुड़ाव, युवाओं की भागीदारी और शीतकालीन पर्यटन को भी मजबूती प्रदान करती है।

मुकाबलों के दौरान जमी हुई रिंक सामूहिक सामुदायिक स्थलों में बदल जाती हैं, जहां परिवार, स्थानीय समर्थक और पर्यटक एक साथ जुटते हैं, और इस क्षेत्र में आइस हॉकी की गहरी सांस्कृतिक जड़ों को और मजबूत करते हैं। इस लीग के माध्यम से, रॉयल एनफील्ड अपने सोशल मिशन को आगे बढ़ाते हुए खेल के जरिए हिमालयी समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है-स्थानीय खेल इकोसिस्टम को मजबूत करना, आजीविका के अवसर तैयार करना, युवाओं और महिलाओं के लिए मार्ग बनाना और पूरे हिमालय क्षेत्र में समग्र शीतकालीन खेल संस्कृति को बढ़ावा देना।

# विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिच ने लिया संन्यास



ओटावा। विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिच ने टेनिस से संन्यास ले लिया है। राओनिच 2016 में विंबलडन में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले कनाडा के पहले पुरुष खिलाड़ी बने थे। उन्होंने सेमीफाइनल में रोजर फेडरर को 6-3, 6-7, 4-6, 7-5, 6-3 से हराया था लेकिन फाइनल में एंडी मरे से हार गए थे। उस वर्ष उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी। वह उस वर्ष अपनी करियर की सर्वोच्च रैंकिंग तीन पर भी पहुंचे थे। राओनिच ने एक्स पर लिखा, 'अपने सपनों को साकार करने और उन्हें पूरा करने का मौका पाकर मैं खुद को सबसे भाग्यशाली व्यक्ति मानता हूं। लेकिन अब अलविदा कहने का समय आ गया है। मैं टेनिस से संन्यास ले रहा हूं।' अपनी तीखी सर्विस के कारण 'मिसाइल' नाम पाने वाले राओनिच ने 2011 में पेशेवर बनने के बाद आठ एटीपी एकल खिताब जीते। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी के नाम पर तीन सेट के मैच में सबसे अधिक ऐस (47) लगाने का रिकॉर्ड है, जो उन्होंने 2024 में क्वींस क्लब टूर्नामेंट में बनाया था। उन्होंने अपने करियर का अंतिम मैच पेरिस ओलंपिक में खेला था, जिसमें उन्हें पहले दौर में डोमिनिक कोएफ़र से 7-6, 6-7, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा था।

# मैरीकॉम पर उनके पति ने लगाये गंभीर आरोप

नई दिल्ली। भारत की शीर्ष महिला मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम पर उनके पति ओनलर कोम ने गंभीर आरोप लगाये हैं। मैरीकॉम के पति ओनलर का कहना है कि उनकी पत्नी का जूनियर बॉक्सर के साथ अफेयर था। इसी कारण उन दोनो का तलाक हुआ है। ओनलर का कहना है कि उनके पास प्राइवेट चैट भी हैं जो वह सबूत के तौर पर पेश कर सकते हैं। उनका कहना है कि इन्हीं सब कारणों से उनकी 18 साल की शादीशुदा जिंदगी में तूफान आया। कहना है कि कि मैरीकॉम के करियर को मजबूत बनाने में मैंने अहम भूमिका निभाई थी। वहीं . मैरीकॉम ने हाल में अपने पति ओनलर पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया था जिसके बाद ओनलर ने ये आरोप लगो हैं।

ओनलर कहा, 'मैं बताऊंगा कि उन्होंने लोक अदालत में क्या कहा। सबसे पहले, 2013 में उनका एक जूनियर बॉक्सर के साथ अफेयर था। इससे हमारे परिवारों में झगड़ा हुआ था, और उसके बाद हमने समझौता कर लिया. इसके बाद साल 2017 से उनका मैरी कॉम बॉक्सिंग एकेडमी में काम करने वाले किसी व्यक्ति के साथ रिश्ता है. मेरे पास उनके व्हाट्सएप्प मैसेज सबूत के तौर पर हैं. मेरे पास उस व्यक्ति के नाम के साथ सबूत है जिसके साथ उसका अफेयर था। मैं चुप रहा।' मैरीकॉम ने हाल में कहा था कि जब तक मैं खेल रही थी और मेरी फाइनेंशियल हालत में मेरा कम दखल था, तब तक सब ठीक था लेकिन 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले जब मुझे चोट लगी, तब मुझे लगा कि मैं झूठ की जिंदगी जी रही थी। मैं कई महीनों तक बिस्तर पर रही। उसके बाद मुझे चलने के लिए सहारे की जरूरत पड़ी। तब मुझे अहसास हुआ कि जिस इंसान पर मैंने भरोसा किया था, वह वैसा नहीं था जैसा मैंने सोचा था। मैं नहीं चाहती थी कि यह सब दुनिया के सामने तमाशा बने, इसलिए कई बार सुलह की कोशिश के बाद मैंने तलाक ले लिया. उन्होंन पति पर आरोप लगाया कि उनके साथ करोड़ों की धोखाधड़ी हुई है और उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से खरीदी गई जमीन भी खो दी है। दूसरी ओर ओनलर ने इस प्रकार की बातों को आधारहीन बताया है।

# 2025 के सफल साल के बाद आयुष शेट्टी का 2026 में टॉप 15 रैंकिंग का लक्ष्य

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** 20 साल की उम्र में, आयुष शेट्टी भारत के सबसे होनहार शटलरों में से एक हैं, 2025 का साल उनके लिए बहुत सफल रहा जब उन्होंने यूएस ओपन सुपर 300 जीता और हाइलो ओपन में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को हराया, वह 2026 में देश के लिए और भी सम्मान हासिल करने के लिए उत्सुक हैं। सोमवार को योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 के लॉन्च इवेंट के मौके पर यूनीवार्ता से बात करते हुए, उन्होंने अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया।

उन्होंने कहा, 'इस साल बहुत सारे बड़े टूर्नामेंट हैं, ऑल इंग्लैंड (ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप), घर पर विश्व चैंपियनशिप (2026 बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप), फिर एशियाई खेल, मुझे उम्मीद है कि मैं सभी टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करूंगा। मेरा लक्ष्य इस साल के अंत तक टॉप 15 या टॉप 10 रैंकिंग में पहुंचना है।' आयुष ने कहा, 'यूएस ओपन की जीत ने मुझे यह विश्वास दिलाया कि मैं दुनिया के टॉप खिलाड़ियों का सामना कर सकता हूं। मलेशियाई ओपन में मैंने ली ज़ी जिया और शी यूकी के खिलाफ खेला, मैं और भी टॉप खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने और जीतने की तरफ रहने के लिए उत्सुक हूं।'

आयुष हाल ही में समाप्त हुए मलेशिया ओपन 2026 में अच्छे प्रदर्शन के बाद आए हैं, जहां उन्होंने पहले राउंड में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ली ज़ी जिया को हराया और मौजूदा विश्व चैंपियन शी यूकी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन एक करीबी मैच में हार गए। कर्नाटक के रहने वाले खिलाड़ी ने कहा कि उन्हें पहले लंबी रैलियां खेलने में झिझक होती थी, लेकिन अब उन्होंने इस पर काबू पा लिया है। 'मुझे लगता है कि मैंने इस पर काबू पा लिया है, अगर आप देखें, तो मैंने कोडाई (कोडाई नाराओका) के खिलाफ दो बार अच्छा खेला, वह लंबी रैलियां खेलते हैं, मुझे लगता है कि मैं इसे बेहतर तरीके से मैनेज कर पाया।'

आयुष, जो अपने कोर्ट पर अनुमान लगाने के कौशल और जानलेवा स्मैश के लिए जाने जाते हैं, ने कहा कि वह अभी भी अपने करियर के शुरुआती दौर में हैं और सुधार की बहुत गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि वह गेम के दौरान स्पीड में बदलाव लाना चाहते हैं और फिजिकली ज़्यादा बेहतर बनना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'गेम के दौरान स्पीड में बदलाव और फिजिकल पहलू के मामले में सुधार की बहुत गुंजाइश है, यह एक प्रोसेस है।'

आयुष 195 सेंटीमीटर (6 फीट 5 इंच) लंबे हैं और उनकी तुलना अक्सर डेनिश बैडमिंटन के महान खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन से की जाती है क्योंकि वह भी बहुत लंबे हैं। शेट्टी इस तुलना पर हंसते हुए कहते हैं कि यह दो बार के ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन के साथ नाइंसाफी है। उन्होंने कहा, 'वह मेरे आइडल हैं, मैं लंबे समय से उनके गेम को फॉलो कर रहा हूं, मुझे लगता है कि मेरा गेम कुछ हद तक उनके जैसा है, लेकिन यह तुलना उनके साथ नाइंसाफी है क्योंकि उन्होंने बैडमिंटन में सब कुछ हासिल कर लिया है, मैं अपना रास्ता खुद बनाना चाहता हूं।'





## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 7 पैसे की गिरावट के साथ ही 98.24 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे कमजोर होकर 90.22 पर पहुंच गया। आज अमेरिकी डॉलर की मजबूती, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी के कारण भी रुपया नीचे आया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.24 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सत्र में इसमें हल्की मजबूती जरूर देखने को मिली, लेकिन यह 90.22 के स्तर तक ही सीमित रही, जो पिछले बंद भाव की तुलना में पांच पैसे की गिरावट को दिखाता है। इससे पहले सोमवार को रुपया 90.17 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 फीसदी की बढ़त के साथ 98.73 पर बना रहा। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक संकेतों के चलते निकट भविष्य में रुपये में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है।

## इंडिगो की न्यू ईयर सेल, घरेलू फ्लाइट 1,499 से शुरू



**नई दिल्ली ।**

इंडिगो ने मंगलवार को अपनी न्यू ईयर सेल की घोषणा की है। यह सेल 13 जनवरी से 16 जनवरी तक चलेगी। सेल के तहत घरेलू मार्गों पर सभी कर और शुल्क शामिल 1,499 रुपए से टिकट उपलब्ध होंगे। वहीं अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर किराया 4,499 रुपए से शुरू होगा, जिससे यात्रियों को सस्ती फ्लाइट का लाभ मिलेगा। इंडिगो ने यह भी बताया कि चुनिंदा 6ई एडऑन पर 70 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इसमें अतिरिक्त सेवाएं जैसे सीट चयन और अतिरिक्त बैगेज शामिल हो सकते हैं। यात्री इस सीमित अवधि में बुकिंग कर अपनी यात्रा को किफायती बना सकते हैं।

## एचसीएल टेक्नॉलजीज का मुनाफा घटा, राजस्व में बढ़त जारी

**नई दिल्ली ।**

भारत की तीसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी एचसीएल टेक्नॉलजीज का तीसरी` तिमाही का मुनाफा 4,076 करोड़ रुपए रहा, जो सालाना आधार पर 11.1 फीसदी कम है। कंपनी ने बताया कि नवंबर में लागू नई श्रम संहिता के तहत कर्मचारी लाभों के लिए 956 करोड़ रुपए अलग रखना पड़ा, जिससे मुनाफा प्रभावित हुआ। कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 13.3 फीसदी बढ़कर 33,872 करोड़ रुपए हुआ। वित्तीय सेवाओं और विनिर्माण क्षेत्रों से मदद मिली। स्थिर मुद्रा आधार पर राजस्व में 8.1 फीसदी की वृद्धि रही और तिमाही आधार पर 6 फीसदी का सुधार हुआ। राजस्व बाजार अनुमान से बेहतर रहा, जबकि मुनाफा उम्मीद से कम रहा। एचसीएल अब स्थिर मुद्रा में 4-4.5 फीसदी वृद्धि की उम्मीद कर रही है। सेवाओं से राजस्व में 4.75-5.25 फीसदी की बढ़त अनुमानित है।

## भारत का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 2025 में 4 लाख करोड़ के पारः केंद्रीय मंत्री वैष्णव

### देश का इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन लगभग 11.3 लाख करोड़ और निर्यात 3.3 लाख करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 2025 में चार लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 2024-25 में देश का इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन लगभग 11.3 लाख करोड़ रुपये और निर्यात करीब 3.3 लाख करोड़ रुपये रहा। मंत्री ने कहा कि चार नए सेमीकंडक्टर संयंत्रों के उत्पादन शुरू होने के बाद 2026 में निर्यात में और वृद्धि होने की उम्मीद है। देश के इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में मोबाइल फोन का दबदबा है। 2024-25 में मोबाइल फोन का उत्पादन 5.5 लाख करोड़ रुपये और निर्यात लगभग 2 लाख करोड़ रुपये रहा। उद्योग निकाय इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के अनुसार, 2025-26 के अंत तक मोबाइल फोन का उत्पादन 75 अरब अमेरिकी डॉलर (6.76 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें 30 अरब अमेरिकी डॉलर (2.7 लाख करोड़ रुपये) का निर्यात शामिल है। मंत्री ने बताया कि भारत से आईफोन का निर्यात 2025 में 2.03 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो 2024 में 1.1 लाख करोड़ रुपये था। काउंटरपॉइंट के एक प्रमुख अे धिकारी के अनुसार एप्पल ने भारत में अपने विनिर्माण का विस्तार कर निर्यात को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचाया है। भारत में उत्पादित हर चार स्मार्टफोन में से एक का निर्यात किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में लगभग 25 लाख लोग कार्यरत हैं। निर्यात और उत्पादन ने रोजगार सृजन के साथ-साथ विदेशी मुद्रा अर्जित करने में भी मदद की। एप्पल की प्रीमियम और सुपर-प्रीमियम श्रेणियों में अग्रणी स्थिति ने देश के स्मार्टफोन बाजार की वृद्धि को गति दी है। 2026 में सेमीकंडक्टर संयंत्रों के उत्पादन शुरू होने से निर्यात और उत्पादन में और वृद्धि की उम्मीद है, जिससे भारत की वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक और मोबाइल बाजार में स्थिति और मजबूत होगी।



## टीसीएस का मुनाफा घटा, राजस्व अनुमान से बेहतर

**नई दिल्ली ।**

देश की प्रमुख आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने चालू वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में आय के मोर्चे पर विश्लेषकों के अनुमान से बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन मुनाफे में गिरावट दर्ज की गई। कंपनी का शुद्ध मुनाफा साल-दर-साल आधार पर 13.9 फीसदी घटकर 10,657 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 12,380 करोड़ रुपये था।

सितंबर तिमाही के मुकाबले मुनाफे में 11.7 फीसदी की कमी आई है। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में टीसीएस की कुल आय 4.8 फीसदी बढ़कर 67,087 करोड़ रुपये रही। तिमाही-दर-तिमाही आधार पर आय में 2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यह आंकड़ा ब्लूमबर्ग के 66,849 करोड़ रुपये के अनुमान से अधिक रहा, हालांकि मुनाफा अनुमानित 13,005 करोड़ रुपये से कम रहा। भौगोलिक स्तर पर उत्तर अमेरिका में आय 0.1 फीसदी और लैटिन अमेरिका में 4.6 फीसदी बढ़ी। यूरोप में 2.1 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि ब्रिटेन में आय 1.9 फीसदी घटी। स्थिर मुद्रा आधार पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कुल वृद्धि महज 0.5 फीसदी रही।

## कार बाजार में काले रंग की हिस्सेदारी बढ़ी, सफेद रंग के कारों की घटी

### 2021 में सफेद वाहनों की हिस्सेदारी 43.9 थी, जो 2025 तक घटकर 40.7 फीसदी रह गई

**नई दिल्ली ।**



कार बाजार में काले रंग के कारों के प्रे ति लोगों का रुझान बढता जा रहा है वहीं सफेद रंग की कारों का रुझान युवाओं में घटता जा रहा है। एक वैश्विक ऑटोमोटिव डेटा, विश्लेषण और इंटेलिजेंस कंपनी के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में सफेद वाहनों की हिस्सेदारी 43.9 फीसदी थी, जो 2025 तक घटकर 40.7 फीसदी रह गई। हालांकि, चमक और व्यावहारिक लाभों के कारण यह अभी भी खरीदारों में सबसे पसंदीदा रंग बना हुआ है। वहीं काले रंग की कारों की हिस्सेदारी 2021 में 14.8 फीसदी से बढ़कर 2025 में 20.76 फीसदी हो गई है। मारुति सुजूकी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि युवा पीढ़ी और जेन ज़ी में काले रंग की मांग वाहन उद्योग के औसत से अधिक रही। टाटा मोटर्स के एक अे धिकारी ने बताया कि अब खरीदार व्यक्तिगत पसंद और जीवनशैली पर ध्यान दे रहे हैं। गहरे रंग आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और स्टेटस का प्रतीक बन गए हैं, जबकि सफेद रंग अपनी व्यावहारिकता और रीसेल वैल्यू की वजह से शीर्ष पर बना हुआ है। भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 2025 में 45.6 लाख रही, जो 5.06 फीसदी सालाना वृद्धि दर्शाती है। अधिकांश बढ़ोतरी जीएसटी दरों में कटौती के बाद अंतिम तिमाही में हुई।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 250 अंक , निफ्टी 57 अंक नीचे आया

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 250.48 अंक टूटकर 83,627.69 जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 57.95 अंक फिसलकर 25,732.30 पर बंद हुआ। बाजार को हालांकि पीएसयू बैंकों ने सहारा दिया। निफ्टी पीएसयू बैंक , निफ्टी मीडिया, निफ्टी आईटी, निफ्टी सर्विसेज , निफ्टी मेटल बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि निफ्टी इन्फ्रा , निफ्टी इंडिया डिफेंस , निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, निफ्टी रियल्टी और निफ्टी फार्मा गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप में मिलाजुला कारोबार हुआ। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक और पावर ग्रिड के शेयर लाभ में रहे जबकि ट्रेंट, एलएंडटी, इंडिगो, मारुति सुजुकी, आईटीसी, बीईएल, एक्सिस बैंक, भारतीय एयरटेल, एचयूएल, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, एशियन पेंट्स और टाटा स्टील नुकसान में रहे। माना जा रहा है कि ईरान के साथ ट्रेड करने वाले देशों पर संभावित अमेरिकी टैरिफ को लेकर नई चिंताओं के कारण घरेलू बाजार में गिरावट आई। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार मजबूती के साथ खुले। हालांकि, शुरुआती बढ़त ज्यादा देर तक कायम नहीं रह सकी। कुछ ही देर में मुनाफावसूली और नकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते यह गिरावट में आ गया। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स195.79 अंक की गिरावट के साथ 83,682.38 अंक पर वहीं निफ्टी भी 25,897 के स्तर पर मजबूत शुरुआत करने के बाद फिसल गया। सुबह खुलने के बाद निफ्टी 60.40 अंक टूटकर 25,729.85 पर ट्रेड करता दिखा। वहीं एशियाई शेयर बाजारों में तेजी देखी गई। निवेशकों ने ईरान और वेनेजुएला में भू-राजनीतिक तनावों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के खिलाफ आपराधिक जांच को फिलहाल नजरअंदाज किया। चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 0.54 फीसदी बढ़ा। हांगकांग का हैंग सेंग 1.32 फीसदी चढ़ा, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.04 फीसदी ऊपर रहा। जापान का निक्केई 3.22 फीसदी उछल गया। वॉल स्ट्रीट पर भी मजबूती रही। एसएंडपी 500 और डाउ जोंस रातों-रात नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। एसएंडपी 500 में 0.16 फीसदी, डाउ जोंस में 0.17 फीसदी और नैस्डैक में 0.26 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई।




## दिसंबर 2025 में यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 27 फीसदी बढ़ी

### वाहनों की बढ़ोतरी में विशेष योगदान यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग का रहा

**नई दिल्ली ।**

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार दिसंबर 2025 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,99,216 इकाई रही, जो पिछले साल दिसंबर में दर्ज 3,14,934 इकाई की तुलना में 26.8 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है। इस बढ़ोतरी में विशेष योगदान यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग का रहा।` सियाम ने कहा कि इस सेगमेंट में बिक्री में सुधार उद्योग की चौथी तिमाही की मजबूत गति का संकेत देता है। दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री दिसंबर 2025 में 15,41,036 इकाई रही, जो पिछले साल 11,05,565 इकाई की तुलना में 39 फीसदी की जबरदस्त वृद्धि है। वहीं तिपहिया वाहनों की बिक्री 61,924 इकाई दर्ज की गई, जो पिछले साल 52,733 इकाई से 17 फीसदी अधिक है।` सियाम ने बताया कि सभी वाहन खंडों में मजबूत दोहरे अंकों की वृद्धि ने उद्योग की वर्ष के अंत की स्थिति को सकारात्मक बना दिया है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना हैकि भू-राजनीतिक घटनाओं के बावजूद, वित्त वर्ष 2025-26 सकारात्मक वृद्धि के साथ समाप्त होने की उम्मीद है। नीतिगत समर्थन और पिछले वर्षों के मजबूत प्रदर्शन की वजह से उद्योग के पास स्थिर वृद्धि बनाए रखने के पर्याप्त अवसर हैं।` सियाम ने यह भी उल्लेख किया कि चौथी तिमाही के दौरान थोक और खुदरा बिक्री में स्थिर और मजबूत वृद्धि की संभावना बनी हुई है।



## महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव के चलते 15 जनवरी को शेयर बाजार बंद रहेंगे

**मुंबई ।**




महाराष्ट्र में नगर निगम चुनावों के चलते 15 जनवरी को भारतीय शेयर बाजार बंद रहेंगे। इस` दिन बीएसई और एनएसई दोनों एक्सचेंजों पर कोई ट्रेडिंग नहीं होगी। पहले यह दिन केवल सेटलमेंट हॉलिडे था, लेकिन अब नए सर्कुलर के अनुसार पूरे कैपिटल मार्केट सेगमेंट में छुट्टी घोषित की गई है। इस दिन इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स, सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग, करेंसी और इंटरेस्ट रेट डेरिवेटिव्स एवं कमोडिटी डेरिवेटिव्स में केवल सुबह का सत्र रद्द रहेगा। शेयर बाजार 2026 में कई अवसरों पर बंद रहेगा, जिनमें गणतंत्र दिवस (26 जनवरी), होली (3 मार्च), श्री राम नवमी (26 मार्च), गुड फ्राइडे (3 अप्रैल), महाराष्ट्र दिवस (1 मई), गणेश चतुर्थी (14 सितंबर), दशहरा (20 अक्टूबर), दीवाली बलिप्रतिपदा (10 नवंबर) और क्रिसमस (25 दिसंबर) शामिल हैं। इसके अलावा सप्ताहांत यानी शनिवार और रविवार पर भी नियमित ट्रेडिंग नहीं होती।

## अश्विनी वैष्णव ने अमेरिका में खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं और एआई सहयोग पर जोर दिया


### वैष्णव ने वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा आयोजित खनिज आपूर्ति श्रृंखला मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लिया

**नई दिल्ली ।**

रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अमेरिका में वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लिया। उन्होंने भारत की विनिर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षमता को मजबूत करने के लिए खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा को आवश्यक बताया। वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में अमेरिका सहित ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोपीय संघ, फ्रांस और जर्मनी के वित्त मंत्री और उच्च अधिकारी मौजूद थे। अमेरिकी वित्त मंत्री बेसेंट ने कहा कि राष्ट्रों को विवेकपूर्ण जोखिम-निवारण उपाय अपनाकर आपूर्ति श्रृंखलाओं की कमजोरियों को दूर करना चाहिए। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने भी यह स्पष्ट किया कि उन्होंने पहले से किए गए निवेशों और योजनाओं के माध्यम से मजबूत, सुरक्षित और विविध आपूर्ति श्रृंखला बनाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इस दौरान वैष्णव ने व्हाइट हाउस में अमेरिकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय के निदेशक माइकल क्रैट्सियोस और भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा से मुलाकात की। बैठक में भारत में फरवरी 2026 में आयोजित होने वाले इंडिया एआई इम्पेक्ट से मिट पर चर्चा हुई।



## ग्राहकों की पहली पसंद बने रहने का रिकॉर्ड कायम रखा स्कार्पियो ने



**नई दिल्ली ।**

अपने मजबूत लुक, दमदार इंजन और भरोसेमंद परफॉर्मेंस के चलते महिंद्र की स्कॉर्पियो ने साल 2025 में भी ग्राहकों की पहली पसंद बने रहने का रिकॉर्ड कायम रखा। दिसंबर 2025 में इस एसयूवी की करीब 16 हजार यूनिट्स की बिक्री दर्ज की गई, जिसके साथ स्कॉर्पियो ने उस महीने टॉप सेलिंग एसयूवी का स्थान हासिल किया। जनवरी से दिसंबर 2025 के पूरे साल की बात करें तो महिंद्रा स्कॉर्पियो की कुल 1,76,988 यूनिट्स बिकीं। यह आंकड़ा कंपनी के किसी भी दूसरे मॉडल से ज्यादा है। बिक्री के मामले में स्कॉर्पियो ने थार, बोलेरो और एक्सयूवी 3गुणाह्न जैसी लोकप्रिय एसयूवीएस को भी पीछे छोड़ दिया। इससे साफ है कि भारतीय ग्राहकों के बीच स्कॉर्पियो की मांग लगातार बनी हुई है। महिंद्रा स्कॉर्पियो क्लासिक अपने दमदार और पहचान वाले डिजाइन के लिए जानी जाती है। इसमें सिग्नेचर टॉवरिंग बोनट, नए डुअल-टोन बंपर, एलईडी डीआरएलएस, नई ग्रिल और रिफ्रेश्ड अलॉय व्हील्स जैसे अपडेट्स मिलते हैं। केबिन के अंदर 9-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, ब्लूटूथ और यूएसबी कनेक्टिविटी, स्टीयरिंग-माउंटेड कंट्रोल्स, रिमोट कीलेस एंट्री और ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

सेफ्टी के लिहाज से इसमें डुअल एयरबैग्स, एबीएस के साथ ईबीडी, रियर पार्किंग सेंसर, स्पीड अलर्ट और सीटबेल्ट रिमाइंडर जैसे फीचर्स मिलते हैं।

महिंद्रा स्कॉर्पियो की एक्स-शोरूम कीमत 12.98 लाख से 16.70 लाख रुपये के बीच है। ऊंची सीटिंग पोजिशन और स्पेशियस केबिन इसे फैमिली के लिए भी उपयुक्त बनाते हैं। पावरट्रेन की बात करें तो इसमें 2.2-लीटर एमहॉक डीजल इंजन दिया गया है, जो 130बीएचपी की पावर और 300एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। यह इंजन 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ आता है।

## मुकेश अंबानी ने गुजरात में की रिलायंस के पांच बड़े कमिटमेंट्स की घोषणा

### 5 साल में 7 लाख करोड़ का निवेश करेगी रिलायंस



**मुंबई ।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस में गुजरात के लिए पांच महत्वपूर्ण कमिटमेंट्स की घोषणा की। उन्होंने बताया कि पिछले पांच साल में रिलायंस ने राज्य में 3.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और अगले पांच साल में इसे 7 लाख करोड़ रुपये तक दोगुना किया जाएगा। इस निवेश का उद्देश्य बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करना और लोगों की आजीविका को मजबूत करना है। मुकेश अंबानी ने बताया कि जामनगर में दुनिया का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसमें सोलर पावर, एनर्जी स्टोरेज, ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन फर्टिलाइजर, सस्टेनेबल एविएशन और एडवांस्ड मटीरियल्स शामिल होंगे। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य जामनगर को भारत का सबसे बड़ा ग्रीन एनर्जी और ग्रीन मटीरियल्स एक्सपोर्ट हब बनाना है। रिलायंस कच्छ में मल्टी-गीगावॉट, यूटिलिटी-स्केल सोलर प्रोजेक्ट विकसित करेगा। यह प्रोजेक्ट चौबीसों घंटे क्लीन पावर सप्लाई के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसे दुनिया की सबसे बड़ी क्लीन एनर्जी परियोजनाओं में से एक बताया गया है। जामनगर में भारत का सबसे बड़ा एआई-रेडी डेटा सेंटर बनाया जाएगा।` जियो लॉन्च करेगा पीपल-फर्स्ट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म, जो भारत और दुनिया के लिए काम करेगा। इसका उद्देश्य हर भारतीय को अपनी भाषा और डिवाइस पर एआई सेवाओं का उपयोग करने का अवसर देना है। रिलायंस फाउंडेशन प्रधानमंत्री के 2036 ओलंपिक को अहमदाबाद लाने के विजन को समर्थन देगा। नारणपुरा में वीर सावरकर मल्टी-स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जामनगर में वर्ल्ड-क्लास अस्पताल और रिलायंस स्कूल नेटवर्क का विस्तार भी योजना में शामिल है।

## देश की खुदरा महंगाई दिसंबर में बढ़ी, फिर भी आरबीआई की सीमा के नीचे

### कम महंगाई का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट रही

**नई दिल्ली ।**

दिसंबर में देश की खुदरा महंगाई दर (सीपीआई) 1.33 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो नवंबर में 0.7 प्रतिशत थी। यह बीते तीन महीनों का उच्चतम स्तर माना जा रहा है। हालांकि, यह अभी भी भारतीय रिज़र्व बैंक की निचली सहनशील सीमा 2 प्रतिशत से नीचे है। साल 2025 में औसतन महंगाई दर लगभग 2.2 प्रतिशत रही, जो पिछले एक दशक में सबसे कम स्तरों में से एक है। इस कम महंगाई का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट रही। दिसंबर में खाद्य महंगाई लगातार सातवें महीने नकारात्मक रही, लेकिन -3.9 प्रतिशत से -2.71 प्रतिशत पर सुधरी। अनाज में 51 महीनों के बाद पहली बार गिरावट दर्ज की गई। सब्जियां और दालें लगातार 11वें महीने सस्ती रहीं, जबकि तेल और फलों की कीमतें भी कई महीनों के निचले स्तर पर रही। खाद्य और ईंधन को छोड़कर कोर महंगाई दिसंबर में 4.8 प्रतिशत तक बढ़ गई, जो 28 महीनों का उच्चतम स्तर है। यदि सोना-चांदी को हटाया जाए, तो कोर महंगाई 2.4 प्रतिशत पर स्थिर है। पर्सनल केयर महंगाई 28 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि घरेलू सामान, स्वास्थ्य और परिवहन क्षेत्रों में महंगाई कई सालों के निचले स्तर पर है।

जनवरी 2026 से नया 2024 आधार वर्ष लागू होगा, जिसमें गैर-खाद्य वस्तुओं का वज़न बढ़ाया गया है। इससे महंगाई आंकड़ों में बदलाव आने की संभावना है। मौद्रिक नीति पर असर की बात करें तो, महंगाई लक्ष्य से नीचे और कोर दबाव सीमित रहने के कारण आरबीआई की फरवरी बैठक में 25 बेसिस प्वाइंट दर कटौती की संभावना बढ़ गई है।

हालांकि, कुछ विशेषज्ञ नए सीपीआई और जीडीपी डेटा का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि आने वाले महीनों में महंगाई में हल्की बढ़त देखने को मिल सकती है।



## सच्ची घटना पर आधारित सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म 'चीकाटिलो' लेकर आ रही हैं शोभिता धुलिपाला

**'द नाइट मैनेजर' जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम 'चीकाटिलो' है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है, जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं।**

### एक पॉडकास्टर की कहानी है फिल्म

'चीकाटिलो' प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी 'चीकाटीलो' एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित 'चीकाटिलो' को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलिपाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।






# द ब्लफ में समुद्री डाकू बनीं हैं प्रियंका चोपड़ा

ग्लोबल आइकॉन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा की फिल्म द ब्लफ की झलक ने ही फैंस को दीवाना बना दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ फोटोज शेयर की हैं, जो आग की तरह फैल गई हैं। उनके हर अवतार से फैंस इंप्रेस हो गए हैं। फिल्म को आप कब और कहां देख सकते हैं, इसका भी ऐलान कर दिया गया है। हॉलीवुड और ग्लोबल एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। वह इस बार बिल्कुल नए और अनदेखे किरदार में नजर आने वाली हैं। वह इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म द ब्लफ को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में ताकत, मातृत्व, अतीत की परछाइयों और आत्मसंघर्ष का गहरा मेल देखने को मिलेगा। इस फिल्म के जरिए प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर साबित करती दिखेंगी कि वह नए रास्ते तलाशने से कभी पीछे नहीं हटतीं। उनकी फिल्म द ब्लफ एक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें समुद्री लुटेरों की खतरनाक दुनिया दिखाई गई है। इसमें प्रियंका एर्सेल बॉडन नाम की एक निडर और ताकतवर महिला का किरदार निभा रही हैं, जो कभी ब्लडी मैरी के नाम से जानी जाने वाली एक खूंखार समुद्री डाकू रह चुकी है। यह भूमिका प्रियंका के अब तक के किरदारों से बिल्कुल अलग है, क्योंकि इसमें केवल एक्शन ही नहीं, बल्कि भावनात्मक गहराई भी देखने को मिलेगी।

### प्रियंका ने रिलीज डेट का किया ऐलान


फिल्म की रिलीज से पहले प्रियंका ने अपने फैंस के साथ द ब्लफ की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। यह फिल्म 25 फरवरी 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म के कुछ सीन्स की तस्वीरों को साझा किया। एक तस्वीर में प्रियंका खून से लथपथ, हथियार थामे और पूरी तरह लड़ाई के लिए तैयार नजर आ रही हैं। वहीं, एक और तस्वीर में प्रियंका तलवार लिए गुस्से में लड़ती दिख रही हैं। इसके अलावा, एक तस्वीर में वह खाने की टेबल पर फैमिली के साथ बैठी हैं। बाकी की तस्वीरों में वह कभी एक रक्षक के रूप में तो कभी समुद्री डाकू के लुक में नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है और फैंस इस नए अवतार को देखकर काफी उत्साहित हैं।

### द ब्लफ रिलीज डेट

इन तस्वीरों को शेयर करते हुए प्रियंका ने एक खास कैप्शन लिखा, मां... रक्षक... समुद्री डाकू, ब्लडी मैरी से मिलिए। द ब्लफ 25 फरवरी 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

# मुकेश भट्ट ने आवारापन 2 की रिलीज में देरी पर तोड़ी चुप्पी



फिल्म प्रोड्यूसर मुकेश भट्ट ने अपनी फिल्म आवारापन 2 की रिलीज में देरी की खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि फिल्म में देरी इसलिए हो रही है क्योंकि फिल्म पर अभी कुछ काम बाकी है, न कि इसलिए कि वे फिल्म धुरंधर 2 के आसपास थिएटर्स में फिल्म लाने से डर रहे हैं। दरअसल, आवारापन 2, साल 2007 की एक्शन-रोमांटिक ड्रामा फिल्म आवारापन का सीक्वल है, जिसमें इमरान हाशमी लीड रोल में थे। मीडिया में ऐसी खबरें आई थीं कि आवारापन 2, 13 अप्रैल को रिलीज नहीं होगी, क्योंकि फिल्म धुरंधर पार्ट 2 और यश की फिल्म टॉक्सिक 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। मुकेश भट्ट ने कहा कि फिल्म की रिलीज डेट अब मई या जून में शिफ्ट की गई है, क्योंकि शूटिंग के दौरान इमरान हाशमी का एक्सीडेंट हो गया था और उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। मुकेश भट्ट ने यह भी कहा, इस वजह से उन्हें 45 दिनों तक एक्शन करने की इजाजत नहीं है। इसलिए सारे एक्शन सीक्वेंस बाद में शूट किए जाएंगे। मैं धुरंधर 2 और टॉक्सिक से बिल्कुल नहीं डरता। प्रोड्यूसर के मुताबिक, आवारापन 2 का करीब 20 दिनों का एक शूटिंग शेड्यूल अभी बाकी है, जो मार्च में मलेशिया में पूरा किया जाएगा।

# आलिया भट्ट ने टॉक्सिक में यश के लुक पर दी प्रतिक्रिया



फिल्म टॉक्सिक का टीजर आज यश के जन्मदिन पर रिलीज किया गया। एक्टर यश की फिल्म टॉक्सिक- ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स का टीजर सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। एक्शन से भरे इस टीजर ने फिल्म को लेकर फैंस के उत्साह को और अधिक बढ़ा दिया है। अब बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने टॉक्सिक के टीजर पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आलिया ने टीजर की बहुत तारीफ की। उन्होंने टॉक्सिक के टीजर को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया और सिर्फ एक शब्द लिखा- डाइनामाइट। साथ में दो फायर इमोजी भी बनाए। उन्होंने फिल्म की कास्ट और टीम को टैग भी किया। आलिया के अलावा रितेश देशमुख, संदीप रेड्डी वांगा, राम गोपाल वर्मा और करण जौहर जैसे कई स्टार्स ने भी टीजर की प्रशंसा की है।

टीजर की शुरुआत एक अंतिम संस्कार के सीन से होती है, जहां कई लोग बंदूक लिए पहरा देते नजर आ रहे हैं। फिर एक कार आती है और सीन एक लड़के-लड़की के रोमांटिक सीन में बदल जाता है। अचानक धमाका होता है। वह आदमी बिना शर्ट के कार से बाहर निकलता है, काला कोट पहनता है और धुएं में सबको गोली मारता हुआ आगे बढ़ता है। पता चलता है कि वह यश हैं। आखिर में यश कहते हैं, पापा घर आ गए हैं। निर्माताओं ने टीजर के कैप्शन में लिखा, अपने खतरे को अच्छे से देख लो- पेश है राया...

### फिल्म टॉक्सिक के बारे में

टॉक्सिक एक गैंगस्टर फिल्म है। इसका निर्देशन गीतू मोहंदास ने किया है। प्रोडक्शन यश और वेंकट के. नारायण ने अपने बैनर और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस से किया है। यश और गीतू ने कहानी भी लिखी है। फिल्म में यश के साथ नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी और रुक्मिणी वसंत मुख्य रोल में हैं।





# थलपति विजय और प्रभास को पीछे छोड़ सारा अर्जुन बनीं सबसे लोकप्रिय स्टार

रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' रिलीज के एक महीने बाद भी बॉक्स ऑफिस पर जमी हुई है और शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म की सफलता से फिल्म के कलाकारों की भी लोकप्रियता में इजाफा हुआ है। सिर्फ रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना ही नहीं बल्कि फिल्म की हीरोइन सारा अर्जुन को भी 'धुरंधर' की सफलता से फायदा मिला है। तभी सारा इस हफ्ते आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। इस मामले में उन्होंने प्रभास और थलपति विजय जैसे कई बड़े दिग्गजों को पीछा छोड़ा है।

आईएमडीबी ने अपनी साप्ताहिक लोकप्रियता रैंकिंग जारी की। ये दुनिया भर के लाखों प्रशंसकों के पेज व्यू और यूजर एंगेजमेंट के आधार पर निर्धारित की जाती है। इस रैंकिंग में सारा अर्जुन, जो पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर थीं, इस बार शीर्ष पर पहुंच गईं। उन्होंने इस मामले में थलपति विजय, प्रभास और अगस्त्य नंदा सहित भारतीय सिनेमा के कुछ बड़े नामों को पीछे छोड़ दिया। उनकी इस सफलता का श्रेय काफी हद तक धुरंधर को जाता है।

आईएमडीबी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'इस सप्ताह की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में अपने पसंदीदा सितारों को पहचानें। यह सूची पॉपुलर इंडियन सेलेब्रिटीज द्वारा प्रस्तुत की गई है, जो आईएमडीबी का एक साप्ताहिक फीचर है और इसमें विश्व स्तर पर ट्रेंड कर रहे भारतीय सितारों को दिखाया जाता है। अभिनेता, निर्देशक, सिनेमैटोग्राफर, लेखक और अन्य। हमेशा की तरह यह सूची दुनिया भर के 2 करोड़ से अधिक फैंस द्वारा तय की जाती है।'

### थलपति विजय आठवें और अगस्त्य नंदा 12वें स्थान पर रहे

सारा के अलावा इस सूची में दूसरे नंबर पर 'धुरंधर' के निर्देशक आदित्य धर रहे, जो पिछले हफ्ते तीसरे नंबर पर थे। हफ्ते के अन्य लोकप्रिय स्टार्स की लिस्ट में थलपति विजय आठवें स्थान और अगस्त्य नंदा 12वें स्थान पर रहे।



# करियर की शुरुआत में मैं टाइपकास्ट हो गया था, फिर मैंने भी प्रयोग किए और लोगों ने पसंद किया

**इमरान हाशमी बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में से हैं, जिन्होंने करियर की शुरुआत में लवर बॉय और सीरियल किसर के रूप में खूब शोहरत हासिल की। लेकिन फिर वक्त बदला तो अपने हुनर से गजब का इमेज मेकओवर भी किया। वाय चीट इंडिया, चेहरे, ग्राउंड जीरो, बाई ऑफ ब्लड, हक जैसे तमाम प्रोजेक्ट्स ने उन्हें एक सशक्त अभिनेता के रूप में पहचान दी। यह भी कम दिलचस्प नहीं है कि इमरान हाल के दिनों में पर्दे पर नेगेटिव किरदारों में भी खूब पसंद किए गए। फिर चाहे वह टाइगर 3 हो या फिर दे कॉल हिम ओजी, सिनेमा का यह सितारा हर रंग में दमका।**

**आपकी मम्मी क्रिश्चियन, पिता मुस्लिम और पत्नी हिंदू हैं, आप गंगा-जमुनी तहजीब से ताल्लुक रखते हैं, क्या कहना चाहेंगे?**

मैं इस गंगा-जमुनी तहजीब पर गर्व करता हूं। मेरे घर में मंदिर भी है और नमाज भी पढ़ी जाती है। मैं मानता हूं कि हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत है, इसकी एक्सल्यूसिवनेस यानी समग्रता। माना कि हर एक किलोमीटर पर बोली और रहन-सहन बदल जाता है, मगर इसके बावजूद हम को-एग्जिस्ट करते हैं, तो यही हमारी सबसे बड़ी खूबी है। माना कि कई बार कॉनफ्लिक्ट्स होते हैं, मगर हम एक ऐसा देश है, जो अपनी एक्सल्यूसिवनेस के लिए जाना जाता है। एक सेक्युलर माइंडसेट के साथ लोग रहते हैं। हालांकि मेरा विश्वास सही है और आपका गलत, ये सोच तो कुछ लोगों में रहने ही वाली है, मगर एक बड़ी तादाद में लोग जिस तरह से मिल-जुलकर रहते हैं, वो शानदार है।

**आपके बेटे अयान 15 साल के हो गए हैं, अब पिता के रूप में आपकी असुरक्षाएं क्या हैं?**

एक कहावत है न कि आपको पिता होने की असुरक्षा का अहसास तब तक नहीं होता, जब तक आप पिता नहीं बनते, तो ये सही बात है। अब जब से मैं पिता बना हूं, तो उस डर को समझता हूं। अगर मैं बाहर हूं, तो ये खयाल डराता है कि वो क्या कर रहा होगा? स्कूल में है, तो अलग चिंता रहती है। आप जब ट्रैवल करते हैं, तब भी दिमाग बच्चे में लगा रहता है। मगर इन तमाम इनसिक्योरिटीज के बीच कोशिश यही रहती है कि अपने बेटे के साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त बिता सकूं, हालांकि में शूटिंग में मसरूफ रहता हूं, मगर समय निकालने का प्रयास करता हूं। देखिए, जब तक बच्चे 18 साल के नहीं हो जाते, तब तक का वक्त बड़ा कीमती होता है। उसके बाद तो आपके पास 15-20 पर्सेंट ही वक्त बचता है। उसके बाद तो उनकी अपनी जिंदगी होती है। अलबत्ता अब तो 13 साल के बाद ही बच्चे अपनी चीजों में मसरूफ रहने लग जाते हैं, तो मैं सभी पैरेंट्स से कहूंगा कि बच्चे के 12 साल होने तक का आपके पास एक गोल्डन पीरियड है, उसे कैश कर लीजिए बच्चे के साथ समय बिताकर वरना आप बाद में पछताएंगे।

**अगर मैं आपकी अभिनय यात्रा के बारे में कहूं, तो लवर बॉय और सीरियल किसर के रूप में शुरुआत करने के बाद अब आप अभिनेता के रूप में समृद्ध हो चुके हैं, इस ट्रांसफॉर्मेशन को कैसे देखते हैं?**

इसका श्रेय मैं नहीं ले सकता। इसका क्रेडिट उन्हें जाना चाहिए, जिन्होंने मुझे उन अर्थपूर्ण कहानियों का हिस्सा बनाया। जब कोई फिल्मकार अपने कन्विक्शन के साथ मुझ पर दांव खेलता है, तो सेल्फिश एक्टर के रूप में उस मौके को झपट लेता हूं। सभी जानते हैं कि करियर की शुरुआत में तकरीबन दस साल तक मैं टाइपकास्ट हो गया था। मगर फिर मुझे लगा कि एक लंबी रेस का घोड़ा होना है, तो अलग-अलग किरदार जीने पड़ेंगे। मैंने भी प्रयोग किए और लोगों ने मुझे पसंद किया।

**आम तौर पर दीपिका पादुकोण, तापसी पन्नू, विद्या बालन सरीखी कई अभिनेत्रियों को शिकायत रही है कि हीरोइन ओरिएंटेड फिल्म में बड़े स्टार्स काम नहीं करते, मगर अपनी पिछली फिल्म हक के नायिका प्रधान होने के बावजूद आप उसका हिस्सा बने?**

अगर मुझे कहानी अच्छी लगे, अपना रोल पसंद आए, ये जानने को मिले कि परफॉर्मर के रूप में मैं कुछ अलग और नया कर पाऊंगा और निर्देशक के विजन से मैं इत्तफाक रखूं, तो फिर मैं उस रोल को करने से हिचकता नहीं। ये मैंने पहले भी किया है। मैं डर्टी पिक्चर में विद्या बालन के साथ था। मैं जानता हूं कि बहुत सारे हीरोज फीमेल ओरिएंटेड फिल्में करने से कतराते हैं। शायद उन्हें इनसिक्योरिटी लगती होगी या वो सोचते होंगे कि एक मेल प्रोटागोनिस्ट ही होना चाहिए। मगर इस फिल्म में मुझे अपनी भूमिका काफी दिलचस्प लगी। यह फिल्म एक चर्चित केस पर था और मुझे लगा कि अगर मैं इस फिल्म का हिस्सा नहीं बनूंगा, तो शायद पछताऊंगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in